जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 30 संख्याः 97 प्रभात उदयपुर, मंगलवार 7 फरवरी, 2023 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*पुरातत्ववेत्ताओं ने ऐसी प्राचीन ममीज़ की खोज की है जिनके साथ मृतक के आदमकद कलर पोर्ट्रेट भी दफनाए गए थे। ये ममीज़ मिस्र के प्राचीन शहर फिलडैल्फिया के एक मकबरे में मिली हैं। कायरो के दक्षिण पश्चिम में 75 मील दूर फिलडैल्फिया शहर की स्थापना टोलमी काल (304 ईसापूर्व से 30 ईसापूर्व) में की गई थी, तब मिस्र पर सिकंदर महान के एक विख्यात सेनापति के वशंज राज कर रहे थे। प्राचीन फिलडैल्फिया क़ब्रिस्तान के उत्खनन मिशन के डायरैक्टर बासेन गेहाद ने कहा, उत्खनन के दौरान पुरातत्वविदों को ममी के पूरे बने दो पोर्ट्रेट और साथ ही कुछ आधे बने पोर्ट्रेट भी मिले। फिलडैल्फिया में दफनाए गए लोगों का सम्बंध अवश्य ही उच्च मध्यम वर्ग या अभिजात्य वर्ग से रहा होगा, इसलिए उनकी कब्रों में महंगे पोर्ट्रेट रखे गए थे। ये पोर्ट्रेट संभवतया भूमध्य सागर के तटवर्ती शहर एलैक्ज़ैण्ड्रिया के कलाकारों ने बनाए थे। इस नई खोज से पहले, 1880 के दशक में हुए उत्खनन में भी ममी पोर्ट्रेट मिले थे। लुटेरों ने उन्नीसवीं सदी में फिलडैल्फिया सहित कई प्राचीन कब्रों को पोर्ट्रेट के लिए लूटा था। इसलिए पुरातत्व विशेषज्ञों को ज्यादा पोर्ट्रेट तो नहीं मिले पर विश्लेषण के लिए फिलडैल्फिया की कब्रों से कुछ पोर्ट्रेट अवश्य मिल गए। युनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफर्ड के एश्मोलीन म्यूज़ियम की प्रमुख क्यूरेटर, सूजन वॉकर ने बताया कि, रोमन ममी पोर्ट्रेट के लिए 1880 के दशक में कब्रें लूटी गई थीं। इनमें से अधिकांश पोर्ट्रेट वियना के डीलर और संग्रहकर्ता थिओडोर ग्राफ को बेच दी गई थीं। उसने इनका कैटलॉग बनाया और विश्वभर में इनकी प्रदर्शनी लगाई। अब कुछ पोर्ट्रेट म्यूज़ियमों में हैं तो कुछ अमीरों के निजी संग्रह में। वॉकर, जो खनन में शामिल नहीं थीं, ने कहा कि, नई खोज से ईजिप्शियन ममी पोर्ट्रेट पर और रौशनी पड़ सकेगी। क्योंकि इनकी आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से जांच की गई है। ममी पोर्ट्रेट के अलावा पुराविदों को कब्रिस्तान से एक इमारत के अवशेष और ईजिप्शियन यूनानी देवी आइसिस- एफ्रोडाइटी की मूर्ती मिली है, जिसे प्रेम की देवी कहा जाता है। एक पपायरी (भोज पत्र) के अवशेष भी मिले हैं, जिस पर मिस्र की कर्सिव स्क्रिप्ट और यूनानी भाषा में कुछ लिखा है।*

# कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन में सी.डब्ल्यु.सी. के चुनाव होंगे?

## 24 से 26 फरवरी को आयोजित इस अधिवेशन में राहुल गांधी व प्रियंका चुनाव कराने के पक्ष में हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 फरवरी। इस बात को लेकर अभी भी रहस्य बना हुआ है कि, 24 से 26 फरवरी रायपुर में होने वाले कांग्रेस पार्टी के महाधिवेशन के दौरान कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यु.सी.) के चुनाव होंगे या नहीं। यह पूछे जाने पर ए.आई.सी.सी. के संगठन प्रभारी ने कहा कि, इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे निर्णय लेंगे।

सूत्रों ने कहा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में इस बात पर भारी मतभेद हैं कि पार्टी की सर्वोच्च निर्णायक समिति के लिए चुनाव होने चाहिए या नहीं।

सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी चुनावों के पक्ष में हैं क्योंकि वे विविध प्रकार से पार्टी के अंदर चुनावों पर जोर देते रहे हैं। समझा जाता है कि अब प्रियंका गांधी भी चुनावों के पक्ष में हैं तो वे यह भी चाहेंगी कि वे सी.डब्ल्यु.सी. में मनोनीत होने के बजाय, स्वयं भी कार्य समिति में स्थान के लिये चुनाव लड़ें। लेकिन जिस तरीके से शशि थरूर ने कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे को चुनौती दे दी थी

- **प्रियंका तो स्वयं चुनाव लड़कर सी.डब्ल्यु.सी. का सदस्य बनना चाहती हैं, केवल मनोनीत सदस्य नहीं रहना चाहतीं।**
- **जैसा कि विदित ही है, कांग्रेस अध्यक्ष आधे सदस्य मनोनीत करते हैं तथा आधे चुनकर आते हैं।**
- **राहुल गांधी स्वयं भी चुनाव लड़ना चाहते हैं, पर अधिक संभावना है कि, कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे उन्हें सी.डब्ल्यु.सी. में मनोनीत करेंगे।**
- **हाई कमान के अन्य वरिष्ठ नेता, सी.डब्ल्यु.सी. के सदस्यों का चुनाव कराने के पक्ष में नहीं हैं। वे इस बात से आशंकित हैं कि, खड़गे के खिलाफ कांग्रेसाध्यक्ष के चुनाव में शशि थरूर 1000 वोट पा गये थे, अधिकतर युवा नेताओं का।**
- **ए.आई.सी.सी. के सदस्य सी.डब्ल्यु.सी. के सदस्यों को अपने मतों से चुनते हैं। पर अभी तक ए.आई.सी.सी. के सदस्यों की सूची जारी नहीं हुई है, हालांकि राज्यों ने अपनी सूचियाँ मुख्यालय भेज दी हैं।**

तथा 1000 से ज्यादा वोट हासिल कर लिये थे क्योंकि उन्हें काफी युवा वोटरों का समर्थन मिल गया था, इस सब को देखते हुये, शीर्ष नेता चुनाव कराये जाने की स्थिति में, काफी चौकन्ने रहने के लिये बाध्य हो जायेंगे।

यहाँ यह याद दिलाना उल्लेखनीय होगा कि कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी ने अपने समग्र कार्यकाल में एक बार भी सी.डब्ल्यु.सी. के चुनाव नहीं कराये तथा मनोनयन संस्कृति चलती रही तथा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में, वे पूरी सी.डब्ल्यु.सी. को मनोनीत करती रहीं।

सी.डब्ल्यु.सी. के अंतिम चुनाव सीताराम केसरी की अध्यक्षता में कोलकाता अधिवेशन में हुये थे।

परम्परानुसार मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की पुष्टि के लिये ऐसा महाधिवेशन आयोजित किया जायेगा। कांग्रेस के संविधान में ऐसा प्रावधान है कि सी.डब्ल्यु.सी. के आधे सदस्य निर्वाचित तथा आधे सदस्य मनोनीत होने चाहिए।

अगर चुनाव होते हैं तो ऐसी संभावना नहीं है कि राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे। वे नये पार्टी अध्यक्ष द्वारा सी.डब्ल्यु.सी. के लिये मनोनीत कर दिये जायेंगे।

पार्टी सूत्रों का कहना है यह भी अटकलों का विषय है कि सोनिया गांधी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विपक्ष चाहता है, अडानी प्रकरण किसी भी तरह जीवित रहे

## भाजपा की रणनीति है, मीडिया व सोशल मीडिया के जरिये, ''डैमेज कंट्रोल'' हो

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 फरवरी। मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कार्यवाही के अन्तर्गत, विपक्ष ने आज सरकार और अडानी ग्रुप के खिलाफ संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञातव्य है कि अडानी ग्रुप तब विपक्ष के निशाने पर आया, जब अमेरिका की एक फर्म ''हिन्डनबर्ग रिसर्च'' ने अडानी ग्रुप पर स्टॉक में चालबाजी एवं फ्रॉड का आरोप लगाया था। तभी से विपक्ष यह माँग करता आ रहा है कि इस मुद्दे की जाँच या तो किसी संयुक्त संसदीय समिति से कराई जाये या फिर सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में इसकी जाँच-पड़ताल हो।

संसद भवन परिसर में लगी गांधी जी की मूर्ति पर किये गये विरोध प्रदर्शन के दौरान सांसद अपने हाथों तख्तियाँ लिये हुये थे, उन पर लिखे नारों में

- **दबाव बनाने के लिये विपक्ष की 16 पार्टियों ने संसद के बाहर गांधी जी की प्रतिमा के सामने नारे बाजी व प्रदर्शन किया।**
- **विपक्ष के नारे थे, ''मोदी -अडानी की पारी है, पैसे की लूट जारी है, ''नहीं चलेगी और बेईमानी, बस करो मोदी-अडानी'', ''एल.आई.सी. व एस.बी.आई. को बचाओ''।**
- **तृणमूल कांग्रेस ने, खड़गे के कक्ष में आयोजित विपक्ष के नेताओं की बैठक में भाग नहीं लिया। डैरेक ओ' ब्रायन ने बाद में तर्क दिया कि, अब संसद की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिये, क्योंकि, अब धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में सदस्यों को मौका मिलेगा, मोदी सरकार को ''भेदने'' का।**
- **पर बाद में तृणमूल कांग्रेस ने गांधी जी की प्रतिमा के सामने विपक्ष द्वारा दिये गये धरने में भाग लिया।**

''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और अरबपति (अडानी) के बीच ''यारी'' के आरोप दिखाई दे रहे थे। उन्होंने ''एल.आई.सी.'' और ''एस.बी.आई.'' बचाओ के नारे भी लगाये। सांसदों ने गत सप्ताह स्थगन नोटिस पेश कर दिये थे तथा कहा था कि ''जनता का पैसा बहुत बड़ी मात्रा में एस.बी.आई. तथा एल.आई.सी. के रास्ते अडानी ग्रुप की कैद में है।'' किन्तु सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में कहा था कि बैंकों तथा बीमा कंपनियों की अरक्षितता (एक्सपोज़र) अनुमत (परमिटेड) के अंदर ही है।

कांग्रेस, द्रमुक, एन.सी.पी., बी.आर.एस., जद (यू), सपा, माकपा, भाकपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय लोक दल, आर.एस.पी., ए.ए.पी., आई.यू.एम.एल., राजद तथा शिवसेना (यू.बी.टी.) के सांसदों के हाथों में लगी तख्तियों पर ''अडानी-मोदी में यारी है, पैसे की लूट जारी है', ''एल.आई.सी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'शिवाजी ने लिखी थी औरंगज़ेब को चिट्ठी'

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 फरवरी। आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवात ने हिन्दू-मुस्लिम बहस शुरू करने के लिये एक बार फिर एक ऐतिहासिक प्रश्न उठाया है। उन्होंने एक पत्र का हवाला दिया है, जो काशी में एक मंदिर को ध्वस्त कर दिये जाने के बाद कथित रूप से शिवाजी

- **आर.एस.एस. प्रमुख ने कहा कि, काशी का मंदिर तोड़ने पर छत्रपति शिवाजी महाराजा ने औरंगज़ेब को पत्र लिखकर कहा था कि, अगर यह सब बंद नहीं किया तो, वे अपनी तलवार उठाएंगे।**

महाराज ने बादशाह औरंगज़ेब को लिखा था।

भागवत ने रविवार को एक समारोह में कहा, ''एक मंदिर को ध्वस्त कर दिये जाने के बाद, छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगज़ेब को एक पत्र लिखा था,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कॉन्स्टेबल से हैडकॉन्स्टेबल पदोन्नति में विलम्ब का दोषी माना

## हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, राज्य सरकार ने गलत तथ्य पेश कर कई कॉन्स्टेबलों की पदोन्नति रोकी

जयपुर, 6 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में नागौर जिले में 2012-13 में कॉंस्टेबल से हैड कॉंस्टेबल की पदोन्नति से जुड़े विवाद पर अदालत ने आदेश दिये हैं कि राज्य सरकार ने पदोन्नति के लिये रिक्त पदों की गणना गलत तरह से की है। अदालत ने अपने आदेश में आगे भी यह भी कहा कि कई कॉंस्टेबल, जिन्हें वर्ष 2012-13 में ही हैड कॉंस्टेबल के पद पर पदोन्नत कर देना चाहिये था, उन्हें सरकार ने गलत तथ्य देकर पदोन्नत नहीं होने दिया।

अदालत के इस फैसले से नागौर जिले में 28 और कॉंस्टेबल्स की पदोन्नति का वर्ष 2013 माना जायेगा जबकि राज्य सरकार ने इन्हें 2014 या उसके बाद पदोन्नत किया था। इस मामले में याचिकाकर्ता महावीर सिंह और अन्य की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद और एम.एम. महर्षि पैरवी के लिये पेश हुए। जैसा कि विदित है कि जयपुर जिले में भी कॉंस्टेबल से हैड कॉंस्टेबल और हैड कॉंस्टेबल से

- **इस फैसले के अनुसार पदोन्नति का वर्ष अब 2013 माना जाएगा।**
- **वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, इन गड़बड़ियों का असर प्रदेश में एस.आई. के दो से ढाई हजार पदों को भरने या उन पर पदोन्नति देने पर पड़ेगा।**

ए.एस.आई. के पदों पर पदोन्नति देने के मामले में राज्य सरकार ने गलती की थी, जिसे सरकार ने अदालत के समक्ष भी माना था। इस मामले में न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह ने राज्य सरकार को आदेश दिये थे कि वह 377 'शैडो पोस्ट' का गठन करें ताकि नियमानुसार योग्य व्यक्तियों को पदोन्नति दी जा सके।

वर्तमान मामले में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि उनके मुवक्किलों को 2014 या उसके बाद पदोन्नति तो दे दी गई थी परंतु उन्होंने प्रमोशन कैडर कोर्स (पी.सी.सी.) 2013 में ही पास कर लिया था, जिसके बाद वे पदोन्नति के योग्य हो गये थे।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार ने उन्हें पदोन्नति से नियम विरुद्ध रोक रखा था। उनसे कनिष्ठ कर्मियों को पदोन्नति दी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रणीत कौर ने ''शो कॉज'' नोटिस की खिल्ली उड़ाई

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 फरवरी। पार्टी के ''शो कॉज'' नोटिस के प्रति पूर्ण असम्मान दर्शाते हुए पटियाला की

- **पंजाब की कांग्रेसी सांसद प्रणीत कौर ने अनुशासनात्मक कार्यवाही समिति के प्रमुख तारिक अनवर पर निशाना साधा और कहा, ''जिसने सोनिया के विदेशी मूल का मुद्दा उठाया था और 20 साल से पार्टी से बाहर रहा और जो खुद अनुशासनात्मक कार्यवाही का सामना कर चुका है, वह मुझसे सवाल पूछ रहा है।''**

लोकसभा सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'संविदा पर लगे कर्मचारी को हटाकर दूसरा संविदाकर्मी नहीं लगा सकते'

जयपुर, 6 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि संविदा पर लगे कर्मचारी को हटाकर उसके साथ पर दूसरे संविदाकर्मी को नियुक्त नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रदूषण नियंत्रण

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने यह कहते हुये प्रदूषण नियंत्रण मंडल के चेयरमैन व सचिव को नोटिस दिया तथा संविदा पर लगे आई.टी. अफसर को हटाने पर रोक लगा दी।**

मंडल के चेयरमैन व सचिव से जवाब मांगा है। अदालत ने मंडल में संविदा पर लगे आईटी ऑफिसर को पद से हटाने पर भी रोक लगा दी तथा उसे मौजूदा पद पर काम करते रहने को कहा है। जस्टिस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अडानी प्रकरण में कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर अपने उद्योगपति मित्रों को बचाने के आरोप लगाए

## शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी, दोनों नगर निगमों और 19 विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को जयपुर में विरोध प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया गया, लेकिन इसमें गिनती के लोग ही पहुँचे

जयपुर, 6 फरवरी (का.प्र.)। ऑल इण्डिया कांग्रेस कमेटी (ए.आई.सी.सी.) के आव्हान पर अडानी प्रकरण को लेकर कांग्रेस की ओर से पूरे देश में एलआईसी तथा एसबीआई बैंकों के बाहर धरने-प्रदर्शनों किए गए। इसी कड़ी में राजस्थान के भी सभी शहरों में धरने प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया गया, जिसमें जयपुर में एलआईसी भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने के लिए जयपुर शहर और देहात कांग्रेस कमेटी, दोनों नगर निगम तथा 19 विधानसभा क्षेत्रों के लोगों और सरकार में राजनीतिक नियुक्तियां पा चुके नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था।

ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि कार्यक्रम में कम से कम हजार, पंद्रह सौ लोग तो मौजूद रहेंगे, लेकिन स्थितियां यह थी, कि जितनी कुर्सियां मंगाई गई थी, उनमें से आधी तो समेटकर पीछे रख दी गई और बाकी बची उनमें से भी बहुत सी खाली नजर आ रही थी। ये स्थितियां तब हैं जब राजस्थान में कांग्रेस का ''हाथ से हाथ जोड़ो'' कार्यक्रम चल रहा है। वही यह चुनावी वर्ष है, जिसमें कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 156 सीटें लाने की बात कर रहे हैं, लेकिन सोमवार को हुए विरोध-प्रदर्शन से आम कांग्रेसजनों की दूरी बता रही है कि शायद वे अपने नेताओं से निराश हो चुके हैं, इसलिए पार्टी के प्रोग्रामों से भी दूरी बना चुके हैं।

अडानी समूह में एलआईसी के निवेश के विरोध में सोमवार को प्रदेश भर में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया।

- **मंच पर दो कैबिनेट मंत्री, तीन विधायक एक महापौर सहित अन्य नेता मौजूद थे, लेकिन सामने भीड़ नहीं थी।**
- **यह स्थिति तब है जब राजस्थान में कांग्रेस का ''हाथ से हाथ जोड़ो'' कार्यक्रम चल रहा है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसी वर्ष में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए 156 सीटें लाने की बात कर रहे हैं।**
- **कांग्रेसजनों की दूरी बता रही है कि, वे शायद अपने ही नेताओं से निराश हो चुके हैं।**

राजधानी जयपुर में एलआईसी कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। राजधानी में अंबेडकर सर्किल स्थित एलआईसी मुख्यालय के सामने कांग्रेस ने धरना दिया। धरने में कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी, विधायक रफीक खान, गंगादेवी, अमीन कागजी, महापौर मुनेश गुर्जर सहित समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा सहित प्रदेश कांग्रेस के कई पदाधिकारी और विधानसभा चुनाव हार चुके उम्मीदवार मौजूद रहे, लेकिन चुनिंदा कांग्रेसजनों के अलावा वे लोग ही मौजूद थे, जिन्हें बसों से भरकर लाया गया था। इसके बावजूद भीड़ उंगलियों पर गिनने लायक थी।

इस मौके पर खाचरियावास ने कहा कि सब कुछ शीशे की तरह साफ हो गया है। मोदी-अडानी का गठजोड़ सबके सामने है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलआईसी और एसबीआई ने अपने करोड़ों निवेशक धारकों की गाढ़ी कमाई का पैसा जोखिम लेकर अडानी समूह में निवेश किया। निवेश के दौरान सारे नियम कायदे ताक में रखे गए थे।

खाचरियावास ने कहा कि षड्यंत्र इतना गहरा था कि किसी को खबर नहीं हुई, लेकिन एक विदेशी कंपनी ने भ्रष्टाचार का खुलासा किया। अब इस मामले में केंद्र सरकार अडानी समूह पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें बचाने का प्रयास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# हमें जानने का हक है

24 जनवरी, 2023, जब से अडानी ग्रुप की कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में हिंडनबर्ग रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है, यह पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। इसका प्रभाव इतना हुआ कि इसके कारण संसद में भी हंगामे के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। अब तक इस पर सरकार की ओर से कोई वक्तव्य तक नहीं आया है। यह रिपोर्ट दो वर्ष के गहन अन्वेषण और शोध के पश्चात जारी की गई है।

इस रिपोर्ट के जारी होने के बाद अडानी ग्रुप की कुल संपत्ति 20 लाख करोड़ रूपए से घटकर 10 लाख करोड़ रूपए रह गई है। इसके शेयर की कीमतें में भी अप्रत्याशित कमी आई है। 15 दिन पहले तक गौतम अडानी दुनिया के तीसरे सर्वाधिक अमीर व्यक्ति थे। अब ये प्रथम 20 की सूची से भी बाहर हो गए हैं। यह घटना और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि गौतम अडानी की संपत्ति में गत 8 वर्षों में अत्यंत तीव्रता से बढ़ोतरी हुई। यहां उल्लेखनीय है कि गौतम अडानी को प्रधानमंत्री के अत्यंत नजदीकी लोगों में समझा जाता है । इनके संबंध वर्तमान प्रधानमंत्री, जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब से बताए जाते हैं। यह भी कहा जाता है कि प्रधानमंत्री के विदेश दौरों के समय अप्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम आयोजित कराने का कार्य गौतम अडानी के सहयोग से किया जाता रहा है। गौतम अडानी की प्रधानमंत्री से निकटता के परिप्रेक्ष्य में हिंडनबर्ग रिपोर्ट अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित कुल 88 आरोप लगाए गए हैं। अडानी ग्रुप द्वारा इसके उत्तर में 413 पेज का वक्तव्य जारी किया गया है, किंतु किसी भी आरोप का स्पष्ट रूप से कोई उत्तर नहीं दिया गया है। इस रिपोर्ट के आते ही स्टॉक एक्सचेंज में हड़कंप मच गया और अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई। इसके बावजूद अडानी ग्रुप की एक कंपनी ने एफ पी ओ के माध्यम से 20000 करोड़ रुपये उगाहे । इस आधार पर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि इस रिपोर्ट के आने के बाद भी निवेश कर्ताओं का विश्वास अडानी ग्रुप में यथावत है। आश्चर्यजनक रूप से इसके एक दिन बाद ही अडानी ग्रुप ने इस एफ पी ओ को निरस्त कर दिया। इसकी जानकारी स्वयं अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी द्वारा सभी टी वी चैनल के माध्यम से दी और कहा कि ऐसा नैतिक आधार पर किया गया। वास्तविकता यह है कि इसमें सामान्य व्यक्तियों का निवेश तो नगण्य था और लगभग सारा ही पैसा स्वयं उन्हीं के विश्वस्त लोगों का लगा था।

विभिन्न टीवी चैनलों पर रोज इस विषय पर चर्चा हो रही है। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा के प्रवक्ता जो सामान्यतया प्रत्येक डिबेट में बढ़–चढ़कर भाग लेते रहे हैं और बड़े प्रभावी रूप से अपनी बात जोर–शोर से रखते हैं, उनमें से कोई भी इस विषय से संबंधित चर्चा में भाग नहीं ले रहा है। संभवतया भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रवक्ताओं को ऐसा करने से रोका गया है।

जब से यह रिपोर्ट आई है, सत्ताधारी दल एवं उनके समर्थकों द्वारा इस रिपोर्ट को भारतीय अस्मिता पर हमला बताया जा रहा है और इसे विदेशों की साजिश तक करार दिया गया है ।यह कहना कठिन है कि रिपोर्ट का इस समय सामने आना मात्र संयोग है या कुछ और। यह रिपोर्ट ऐसे समय प्रकाशित हुई है जब भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी की लगभग 4000 किलोमीटर की पदयात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक पूरी हुई है और इसके कारण कांग्रेस में एक प्रकार से उत्साह का संचार हुआ है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस रिपोर्ट के बारे में पूरा विपक्ष सरकार पर एकजुट होकर हमलावर है। विपक्ष की प्रमुख मांग है इस विषय पर सरकार संसद में चर्चा कराए ताकि देश की जनता आश्वस्त हो सके कि उसका पैसा सुरक्षित है। इस विषय में प्रश्न केवल संपत्ति का ही नहीं है, अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर की कीमत 4000 रुपये से गिरकर 1500 रुपये रह गई है। अडानी ग्रुप को गत कुछ वर्षों में जीवन बीमा निगम, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तथा अन्य राष्ट्रीय कृत बैंकों द्वारा हज़ारों करोड़ के ऋण दिये गये हैं।

रिपोर्ट से यह सामने आया है कि अडानी ग्रुप के शेयर की कीमत कृत्रिम रूप से बहुत अधिक बढ़ा दी गई और इसी बढ़ी हुई कीमत के आधार पर बैंकों से बहुत अधिक ऋण प्राप्त कर लिया गया। बैंकों के नियमों के अनुसार, शेयर की प्रचलित दर के आधार पर गिरवी रखे गए शेयर का मूल्यांकन किया जाता है उनके बदले में उनके आधे मूल्य तक का ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। जिस शेयर की कीमत कुछ समय पूर्व डेढ़ सौ रुपए थी उसके 4000 होने का कारण एवं उसकी जांच करना भी उन बैंकों ने उचित नहीं समझा। जब शेयर की कीमत अत्यधिक कम हो गई है, बैंक कैसे अपना ऋण वसूल करेंगे, इस पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। जब ऋण का भुगतान नहीं किया जाएगा तो बैंकों एवं एलआईसी की स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ना संभावित है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में देश के करोड़ों लोगों ने निवेश किया हुआ है और इसी कारण केवल एक उद्योग समूह पूरे देश के कई नागरिकों को प्रभावित करता है। जहां एक ओर 50000 रुपए के ऋण के लिए अपनी संपत्ति गिरवी रखने के लिए कहा जाता है, वहीं हजारों करोड़ का ऋण केवल शेयर के आधार पर दे दिया गया, और वह भी बिना किसी विस्तृत विश्लेषण और जांच–पड़ताल के। जहां एक छोटे उद्यमी से विभिन्न प्रकार के दस्तावेज मांगे जाते हैं एवं उसे कई बार बैंकों के चक्कर लगाने होते हैं, वहीं दूसरी ओर अडानी ग्रुप की कंपनी को किसी जांच की प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता नहीं पड़ी। वैसे भी जिस व्यक्ति की सत्ता के शिखर से नजदीकी सर्वज्ञात हो, उसके बारे में कोई भी जांच का निर्णय लेना, किसी भी बैंक अथवा राष्ट्रीय संस्था के लिए सरल नहीं था।

> **भारत की नियामक संस्थाओं और बैंकों की योग्यता और क्षमता में कोई संदेह नहीं है। सवाल यह है कि क्या उन्हें स्वतन्त्र रूप से काम करने दिया गया या नहीं। उन्हें केवल छूट दिए जाने की आवश्यकता है कि वह निर्भीक होकर अपने काम को अंजाम दें एवं इस पूरे तथाकथित कांड में जो भी व्यक्ति जिम्मेदार हैं उन्हें सामने लाएं ताकि जनता उनके संबंध में स्वयं एक निर्णय ले सके।**

संस्थाओं के उच्च अधिकारियों को अपने पद को सुरक्षित रखना कहीं अधिक युक्त लगा बजाय निवेशकों के हित को ध्यान रखने के। यह भी रिपोर्ट में बताया गया है कि मॉरीशस एवं अन्य देशों में 'शेल' कंपनियां बनाकर उनके द्वारा पैसा इन शेयरों को कृत्रिम रूप से बढ़ाने हेतु लगाया गया। कुछ वर्षों पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा शैल कंपनियों को बंद करने एवं उन पर प्रभावी कार्यवाही करने की बात बढ़–चढ़कर की गई थी। भारत के सेबी, आर बीआई, इनकम टैक्स ई डी आदि संस्थाओं ने अडानी ग्रुप के में हो रही इस तेज वृद्धि को शंका की दृष्टि से नहीं देखा और आवश्यक सावधानियां भी नहीं बरती, जिसके कारण इन के शेयर के भाव कृत्रिम रूप से अस्वाभाविक रूप से बढ़ते रहे। हर्षद मेहता का एक ऐसा ही कांड 1992 में हुआ था। उसके बाद कहा जाता है कि नियामक प्राधिकरण एवं संस्थाओं ने बहुत सुधार किया। इसके बावजूद, किस प्रकार विदेशों की जिन कंपनियों ने अडानी ग्रुप में बहुत बड़ी राशि लगाई गई, उनके पास पैसा कहां से आया इसकी कोई जांच नहीं की गई। इन कंपनियां को केवल भारत से पैसा बाहर भेजकर वापस अडानी ठ्रुप में पैसा लगाने हेतु काम में लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार इस प्रकार की कंपनियों में कोई काम नहीं होता था, और केवल इनको पैसे को विदेश के माध्यम से अडानी ग्रुप के शेयर खरीदने हेतु काम में लिया जाता था।

सत्ताधारी दल और उनके समर्थकों द्वारा इस रिपोर्ट को न केवल खारिज किया जा रहा है बल्कि इसे देश विरोधी गतिविधि तक घोषित कर दिया है। यह समझ से परे है कि किसी उद्योग समूह के बारे में कोई तथ्यात्मक रिपोर्ट सामने आती है, जिससे कई कथित अनियमितताएं होने की शंका उत्पन्न होती है तो उस पर बिंदुवार तथ्यात्मक जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने के बजाय उस रिपोर्ट को ही देशद्रोही घोषित कर देना कतई उपयुक्त नहीं है। वित्तीय संस्थाओं में देश की जनता का पैसा लगा हुआ है और सरकार यह नहीं कह सकती कि हमें इससे कोई लेना–देना नहीं है। विपक्षी नेताओं के विरुद्ध भारत सरकार के द्वारा किसी न किसी आधार पर कार्यवाही की जाती रही है, किंतु अडानी समूह के बारे में इस प्रकार से आंखें मूंद लेना, सत्ता के साथ गठजोड़ की ओर संकेत करता है। इस विषय में सरकार को सामने आकर, अडानी ग्रुप के बारे में तथ्य स्पष्ट रूप से रखने चाहिये एवं अडानी ग्रुप को भी ऐसा करने हेतु बाध्य किया जाना चाहिए । केवल यह कहना पर्याप्त नहीं है की एलआईसी और एसबीआई के द्वारा दिया गया लोन इतना अधिक नहीं है कि उनकी वित्तीय स्थिति पर कोई प्रभाव पड़े। यह प्रकरण बहुत छोटा नहीं है, बल्कि लाखों करोड़ों का है, जो अब तक पहले किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता से कहीं बड़ा प्रतीत होता है। इसका श्रेष्ठ निराकरण यही है कि हिंडन बर्ग की रिपोर्ट पर संसद में विस्तृत चर्चा हो, ताकि देश की जनता भी समझ सके कि किस प्रकार से कृपा पात्र उद्योग समूह को लाभ पहुंचाया गया, जिससे अडानी ग्रुप की संपत्ति में दिन दुगनी रात चौगुनी से भी कहीं अधिक वृद्धि होती गई। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि हिंडन बर्ग की स्वयं की विश्वसनीयता क्या है अथवा इसके उद्देश्य क्या है? प्रश्न केवल यह है कि उस में उठाए गए बिंदुओं के बारे में वास्तविक स्थिति क्या है? यह वास्तविक स्थिति एक बार जब सामने आ जाएगी एवं उस पर बहस हो जाएगी तो देश की जनता एवं निवेशक निश्चिंत हो जाएंगे कि उसकी गाढ़ी कमाई का पैसा जिन बैंकों अथवा एलआईसी में लगा हुआ है उनके द्वारा किसी गलत काम में पैसा नहीं लगाया गया है। यदि ऐसा अभी समय पर नहीं किया गया तो आगे चलकर वैसी स्थिति बन सकती हैं जैसे कि विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी के प्रकरण में बनी थी। वहां तो मामला केवल कुछ हजार करोड़ का था, यहां तो लाखों करोड़ का है। इस बारे में सरकार को अपने आप को अलग करने से काम नहीं चलेगा। जनता के प्रति उसका त्तर दायित्व है कि वह उसका विश्वास अर्जित करे एवं सही स्थिति जनता के सामने लाये।

भारत की नियामक संस्थाओं और बैंकों की योग्यता और क्षमता में कोई संदेह नहीं है। सवाल यह है कि क्या उन्हें स्वतन्त्र रूप से काम करने दिया गया या नहीं। उन्हें केवल छूट दिए जाने की आवश्यकता है कि वह निर्भीक होकर अपने काम को अंजाम दें एवं इस पूरे तथाकथित कांड में जो भी व्यक्ति जिम्मेदार हैं उन्हें सामने लाएं ताकि जनता उनके संबंध में स्वयं एक निर्णय ले सके। यदि चुने हुए लोग इसमें सम्मिलित हैं तो अगले चुनाव में जनता उसी अनुसार उत्तर देगी और यदि किसी प्रकार की कोई गलती नहीं है तो संदेह के बादल छट जाएंगे। फिलहाल तो आवश्यकता तो इस बात की है जनता के हक का सम्मान भारत सरकार करे और देश को वह सारी जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराए जिसके बारे में सवाल हिंडन बर्ग रिपोर्ट में उठाए गए हैं।

इस रिपोर्ट को देश विरोधी कहना उचित इसलिए नहीं है कि हिंडन बर्ग के द्वारा वित्तीय अनियमितताओं के बारे में अन्य देशों की कंपनियों के संबंध में भी रिपोर्ट दी गई थी। तब किसी भी देश ने, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान भी शामिल हैं, ने इसे उनके देश पर हमला नहीं बताया था। यदि इसे देश पर हमला बताया जाता है तो फिर हमले का प्रत्युत्तर देने के लिए एक प्रकार की 'सर्जिकल स्ट्राइक' की आवश्यकता है। क्या उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री शीघ्र ही इस पूरे प्रकरण में भी विभिन्न प्रकार के आशंकाओं को निर्मूल करते हुए कोई सर्जिकल स्ट्राइक करके देश के समक्ष दूध का दूध और पानी का पानी कर देंगे?

लोकतंत्र में जनता को यह जानने का हक तो है ही कि अडानी ग्रुप की सम्पत्ति में इतनी अप्रत्याशित वृद्धि (जिसमें कोविद की अवधि भी सम्मिलित है) कैसे हुई और क्या इसमें सत्ता का वरद हस्त भी था?

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# रणथम्भौर बाघ अभयारण्य पर विशेष

प्रकृति प्रेमियों को सुकून देती है बाघों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी विश्व के मानचित्र में राव हम्मीर की वीरभूमि के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले रणथम्भौर किले के चहुंओर फैली राष्ट्रीय बाघ परियोजना में बीते कुछ दशकों के दौरान बाघों की संख्या में हुई अप्रत्याशित वृद्धि हर उस विचारक, चिंतक और प्रकृति प्रेमी के लिए विशिष्ट संतुष्टि एवं सुखद अहसास का कारक है, जिसके माथे पर अतीत में विलुप्तता की ओर बढ़ती बाघ–प्रजाति को लेकर चिंता की गहरी रेखाएं उभर आईं थीं। यह बात अलग है कि चिंता की लकीरें अभी भी यथावत हैं।

चिंता की गहरी स्याही से स्वयमेव उभर आने वाली इन लकीरों की अब वजह और जगह बदल गई है। पहले ये लकीरें विलुप्तप्राय प्रजाति के संरक्षण के लिए कुछेक चिंतकों के माथे पर उभरती थीं लेकिन अब स्थिर सीमाओं के भीतर बढ़ते बाघों के घनत्व और उससे उत्पन्न हो रहे क्षेत्राधिकार के स्वाभाविक भीषण संघर्ष ने प्रकृति प्रेमियों के साथ–साथ बतौर अधिकारी/कर्मचारी रणथम्भौर बाघ परियोजना में तैनात समूचे सरकारी अमले के माथे को चिंता की सलवटों से पाट दिया है। जहां एक ओर बाघों की संख्या में हुई अप्रत्याशित वृद्धि ने परियोजना की सीमाओं से सटे गांवों के ठ्रामीणों और बाघों के बीच वैमनस्यता का भाव उत्पन्न कर टकराव की संभावनाएं बढ़ा दी हैं, वहीं दूसरी ओर बाघों के बीच क्षेत्र के वर्चस्व को लेकर होने वाले खूनी संघर्ष में अनेक बाघों की मृत्यु हो जाना न सिर्फ़ परियोजना में पदस्थ कार्मिकों बल्कि खुद सरकार के लिए भी चिंता का विषय बन चुका है। भू–क्षेत्र स्थिर है। यह कोई एलास्टिक नहीं है, जिसे खींचकर बढ़ाया जा सके। परियोजना की नींव रखते वक्त किसी ने सोचा भी नहीं था कि भविष्य में एक दिन ऐसा भी आएगा, जब बाघों के घनत्व के मुकाबले इस परियोजना का क्षेत्र ऊंट के मुंह में जीरे की मानिंद बौना दिखाई देने लगेगा।



इस बाघ परियोजना में उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती प्रकार का एनोजिसस फॉरेस्ट पाया जाता है।



रणथम्भौर बाघ परियोजना प्रथम में बाघों का घनत्व 10.011.36 बाघ प्रति 100 वर्ग कि.मी. है। मध्य भारत में शुष्क पर्णपाती प्रकार के वनों में रणथम्भौर बाघ परियोजना में सबसे ज्यादा बाघ घनत्व है। रणथम्भौर के बाद दूसरे स्थान पर घनत्व में ताडोबा टाईगर रिजर्व आता है।

रणथम्भौर बाघ परियोजना प्रबंधन के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि रणथम्भौर में बाघों की डेन्सिटी मध्य भारत के सभी टाईगर रिजर्व से बहुत अधिक है। रणथम्भौर बाघ परियोजना प्रबंधन द्वारा हैबीटाट इम्प्रूवमेंट, प्रोटेकशन, वाटर मैनेजमेंट के अनेक कार्य किये गये हैं। इसके परिणामस्वरूप आज रणथम्भौर में 77 से ज्यादा बाघ विचरण कर रहे हैं, जिसमें शावकों का सर्वाइवल रेट 70 प्रतिशत है, जो कि अन्य बाघ परियोजना में सर्वाइवल रेट (30–40 प्रतिशत) से कहीं ज्यादा है।

रणथम्भौर में बाघों की संख्या निरन्तर वृद्धि की ओर अठोसित है। पिछले दो सालों में बाघों की संख्या में लगभग 24 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। बाघों की बढ़ती संख्या एक चुनौती तब बन जाती है, जब हमारे पास वन क्षेत्र की सीमाएँ स्थिर होती हैं। इससे टेरिटोरीयल फाइटिंग, ह्यूमन वाइल्डलाइफ कॉफ्लिक्ट इत्यादि समस्याएँ सामने आने लगती हैं।

रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में बाघों की संख्या व घनत्व अधिक हो जाने के कारण यहां बाघों के लापता व गुमशुदगी, क्षेत्राधिकार को लेकर आपसी टकराव तथा मौतें होने के प्रकरणों की संख्या अधिक है। रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में वर्ष 2006 से 2014 तक भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून द्वारा किये गये एक शोध में यह उल्लेख किया गया कि रणथम्भौर टाईगर रिजर्व के रणथम्भौर नेशनल पार्क एवं सवाई मानसिंह अभ्यारण्य क्षेत्र में टाईगर घनत्व केरिंग केपेसिटि के बराबर पहुंच चुका है। शोध के समय रणथम्भौर टाईगर रिजर्व प्रथम के क्षेत्र में 43 व्यस्क बाघ थे जबकि वर्तमान में बढ़कर 22 नर एवं 30 मादा हैं और कुल 52 वयस्क बाघ हो गये हैं।

वर्ष 2011 में राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा गठित मिसिंग टाईगर के संबंध में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह स्पष्ट उल्लेख किया कि रणथम्भौर नेशनल पार्क में 40 से अधिक बाघों की संख्या पार्क प्रबंधन के लिये हमेशा समस्या का कारण रही है। वयस्क होने पर बाघ या तो अपनी टेरीटरी से दूर चले जाते है या पूर्व में स्थापित बाघ–बाघिन को उनकी टेरीटरी से विस्थापित कर देते हैं। टाईगर की बढ़ती संख्या के लिये रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में पर्याप्त क्षेत्र उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में 23 नर बाघ, 31 मादा बाघिन एवं 23 अल्प वयस्क/शावक, कुल 77 बाघ /बाघिन हैं। इसके अतिरिक्त धौलपुर जिले में 1 नर बाघ एवं 1 मादा बाघिन हैं। इस प्रकार वर्तमान में रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में धौलपुर सहित कुल 24 नर बाघ, 32 मादा बाघिन एवं 23 अल्प वयस्क / शावक सहित कुल 79 बाघ हैं।

बाघों की यह संख्या रणथम्भौर टाईगर रिजर्व की वर्ष 1973 में स्थापना के बाद से अब तक की अधिकतम संख्या है। वर्तमान में नर एवं मादा बाघ का अनुपात भी 1 अनुपात 1.3 है। वर्तमान में 32 मादा बाघिनों में से अधिकांश प्रजनन आयु में है, जिसके कारण नये शावकों के जन्म में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 से 2021 के बीच 44 शावकों का जन्म हुआ है। अब इन समस्याओं पर सरकार को गौर करना होगा और शीघ्र समाधान ढूंढना होगा।


**–प्रकाश चंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# 85 दिन बाद बाबा श्याम का दरबार श्रद्धालुओं के लिए खोला

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। 85 दिन के लम्बे इंतजार के बाद सोमवार को सुबह 11 बजे बाबा श्याम का दरबार श्याम श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोला गया।

राजस्थान सरकार की देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत के श्याम दर्शन करने के साथ ही मंदिर को श्याम दर्शनार्थ खोल दिया गया। जैसे ही स्थानीय नागरिकों को मंदिर खुलने

- **अब श्याम के मन्दिर में 14 कतारों में दर्शन हो रहे हैं**
- **देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने श्याम दर्शन करने के साथ ही मंदिर खोला**



**खाटूश्यामजी में देवस्थान मंत्री शंकुतला रावत सहित भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किए।**

की सूचना मिली तो लोग श्याम दर्शन करने पहुंचे और श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर के अंदर किए गए नवाचारों की भी प्रशंसा की। अब श्याम के मन्दिर में 14 कतारों में दर्शन हो रहे हैं। साथ ही बाबा की चौखट के पर एक पारदर्शी शीशा लगाया गया। श्याम बाबा के मंदिर के अंदर अब भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो रहे हैं।

देवस्थान मंत्री रावत ने किए श्याम दर्शनः राजस्थान सरकार की देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने सोमवार को खाटूश्यामजी पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के संरक्षक प्रताप सिंह चौहान ने गत तीन माह में दर्शन व्यवस्था को सुगम करने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा किए गए नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। जिस पर प्रभारी मंत्री ने मंदिर कमेटी द्वारा किए कार्यों की सराहना की साथ ही आने वाले श्याम भक्तों से कतारबद्ध होकर धैर्य के साथ दर्शन करने की अपील की। इसके साथ ही 22 फरवरी से आयोजित होने वाले वार्षिक लक्खी मेलें की तैयारियों का जायजा लिया तथा दर्शन मार्ग, पार्किंग स्थल सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

श्याम बाबा का मंदिर खुलने के बाद सोमवार शाम मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोराण ने बाबा श्याम के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।इस दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहान व प्रताप सिंह चौहान ने स्वागत करते मंदिर कमेटी द्वारा किए गए नवाचारों तथा व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 48 की सर्विस रोड की हालत खस्ता

**पावटा,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के सर्विस रोड की हालत खराब हो गई है। सर्विस रोड पर बने गड्ढों में पानी भरने से जगह–जगह तालाब नजर आ रहे हैं। जिससे सर्विस रोड पर आवागम मुश्किल हो गया है।

बारिश की वजह से ललाणा मोड से लेकर से लेकर सीएचसी कट तक बड़े–बड़े गड्ढे बन गए हैं। वहीं वाहन तेजी से चलाते हुए जब गड्ढों के निकट आते हैं तो अचानक ब्रेक लेने के प्रयास में बिगड़ जाता है। यह तो संयोग ही अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यदि सर्विस रोड में सुधार न हुआ तो किसी भी समय



**सर्विस रोड पर बने गड्ढे में भरा पानी।**

बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ललाणा मोड पर सर्विस रोड पर करीब 3 फीट गहरा गड्ढा हो गया है। ऐसे ही कई और गड्ढे हैं जिसमें बड़े वाहन तो पार हो जाते हैं लेकिन छोटे वाहन अक्सर फंस जा रहे हैं। साइकिल व मोटरसाइकिल वालों के लिए यह सबसे बडी मुसीबत बने गए हैं। इस रास्ते से स्कूली वाहन सर्वाधिक आते जाते हैं। वहीं प्रशासन व एनएचएआई अधिकारियों को भी भी इस बारे में कई बार अवगत करवाया गया है लेकिन वो भी आंखें मूंदे हैं।

- **ललाणा मोड से सीएचसी कट चौराहे तक सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील**

## सोलंकी का होगा सम्मान

**जालोर,** (कासं)। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं पूर्व उपसभापति नगर परिषद जालोर मंजू सोलंकी महिला शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड 2023 के सम्मान से दिल्ली में सम्मानित होगी।

जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय समरसत्ता मंच के सचिव योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समरसत्ता मंच एवं इंडो नेपाल ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में महिला दिवस कार्यक्रम में 12 मार्च को महिला सम्मेलन एवं विचार पस्ट्रेशन कार्यक्रम में पूर्व सम्मानित 150 प्रतिमाओं के साथ आपका चयन एवं प्रतिभा मनोनयन महिला शक्ति शिरोमणि अवार्ड से सोलंकी का सम्मान किया जाएगा।

## राशिफल मंगलवार 7 फरवरी, 2023



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, मघा नक्षत्र सांय 5:45 तक, शोभन योग सांय 4:02 तक, तैतिल करण दिन 3:24 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–वृष, बुध–धनु, गुरू–मीन, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।


आज राजयोग सांय 5:45 से आरम्भ होगा। बुध मकर राशि में प्रातः 7:27 पर प्रवेश करेगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:57 से 11:19 तक, लाभ–अमृत 11:19 से 2:03 तक, शुभ 3:25 से 4:47 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:13, सूर्यास्त 6:08




**मेष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। वाणी की कटुता के कारण परिवार में तनाव हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण्ज्ञ कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।




**वृष**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।



**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।




**सिंह**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण्ज्ञ कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।



**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**
घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।



**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**कुंभ**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# मां उमिया के आशीर्वाद से खुशहाली के पथ पर अग्रसर होगा राजस्थान : राजे

■ उमिया माताजी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव राजस्थान का सबसे बड़ा आयोजन, पाटीदार समाज का जताया आभार

**डूंगरपुर,** (निसं)।। राजस्थान के प्रथम मंदिर उमिया नगर चितरी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पाटीदार समाज की ओर से सोमवार को राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को स्नेहिल आमंत्रण दिया गया। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री महोदया वसुंधरा राजे का उमिया नगर चीतरी में उमिया इंटरप्राइजेज कार्यालय में पाटीदार समाज विकास संस्थान एवं वृहद समाज के नेतृत्व में स्वागत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजस्थान के प्रथम मंदिर उमिया माताजी के आशीर्वाद से पूरा राजस्थान खुशहाली के पथ पर अग्रसर होगा।

पाटीदार समाज का सामर्थ्य की गवाही पूरा देश जानता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाटीदार समाज की मेहनत और कार्यशैली की प्रशंसा करते दिखाई देते हैं। पाटीदार समाज मेहनत व ईमानदारी का समाज माना जाता है। विद्या के मंदिर में प्रवेश करते ही मां का आशीर्वाद लेकर बच्चों में शिक्षा की ललक बढ़ेगी। शिक्षा के क्षेत्र में पाटीदार समाज दुगुनी गति से प्रगतिशील है। जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा सभी के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण साधन है। यह हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करती है। शहरों में शिक्षा प्राप्त कर पाना आसान है, लेकिन क्या आपने ठाामीण क्षेत्रों की उन नन्हीं बेटियों का सोचा है, जो कम उम्र में ही शिक्षा से वंचित कर दी जाती हैं। भारत ठाामीण क्षेत्र में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बहुत से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। यह समाज में सभी व्यक्तियों में समानता की भावना लाती है और देश के विकास और वृद्धि को भी बढ़ावा देती है। शिक्षा के जरिए ही भावी राष्ट्र का निर्माण होता है। हम किसके लिए जी रहे हैं, क्यों जी रहे हैं और जीवन का उद्देश्य क्या है, यह एक विचार नहीं है, अपितु जीवन की वास्तविक सच्चाई है। हमारे जीवन का लक्ष्य इन्हीं बातों के इर्द-गिर्द चलता है। हम हमारे, अपनों, समाज और देश के लिए खुशियां ढूंढते हैं, लेकिन वह हमें अंदर से प्राप्त होती है। हमारे आचरण और हमारे सेवा कार्य हमें जो आत्म संतुष्टि का भाव देते हैं वही वास्तविक खुशियां हैं, जो हम हमारी आंतरिक ऊर्जा के माध्यम से प्राप्त करते हैं। हमें वह सब कुछ समाज को देना चाहिए, जो हम दे सकते हैं। जो हमारे पास अपार मात्रा में है, उसे बांटना ही जीवन की खुशियों की बुनियाद है।संस्थान अध्यक्ष मानशंकर जोगपुर ,पूर्व संस्थान अध्यक्ष कमलाकांत ,रतनजी दादा ,नाथूजी ,अमरजी भाई ,देवजी ,प्रेम शंकर ,ललित पाटीदार ,गोविंद ,देवीलाल दाढ़ी ,लालेग भाई बांसवाड़ा, विनोद जोगपुर की अगुवाई में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पिछले 1 दिन से पूर्व मुख्यमंत्री का उमिया नगर में कार्यक्रम रहा। उमिया माता जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र दिया। माताजी के कार्यक्रम लेकर अभिभूत हुई। अति शीघ्र उमिया नगर का वापस दौरा करने का आश्वासन दिया। समाज के प्रेम को देखकर खुशी एवं प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा पाटीदार समाज से मुझे आत्मीय लगाव है। आपकी हर संभव मदद को तैयार हूं। शिक्षा संकुल के बारे में सुनकर अति प्रसन्नता व्यक्त की और समाज को आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल के साथ संस्थान सचिव रामलाल खुमानपुर का भी साथ रहा। समाज के कई सारे अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


पाटीदार समाज ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को स्नेहिल आमंत्रण दिया।

## मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

**देवगढ़,** (निसं)। राजस्थान में राजसमन्द जिले के मेवाड़ क्षेत्र में भीम उपखंड क्षेत्र के बगड़ ग्राम पंचायत रीको इंडस्ट्रियल एरिया के पास पिपलीनगर चौराहा पर सोमवार को 5 किलोमीटर मगरा मेवाड़ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ ,अध्यक्षता में आयोजनकर्ता पूर्व सूबेदार ओंकार सिंह रावत,विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी भीम उमेदसिंह राजावत, तहसीलदार पारसमल बुनकर, पीपलीनगर सरपंच सुरेश भाई भाट,बगड़ सरपंच विशंभरकृष्ण सिंह, कृषक सम्राट मोती सिंह रहे ।मेराथन दौड़ प्रतियोगिता के शुभारम्भ में दौड़ को पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ के दौरान मंगरा मेरवाडा जाठाति मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरी निगरानी रखी गई प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।प्रथम पुरस्कार हासिल करने में भीलवाड़ा जिला के दीपक माली विजेता रहे एवं द्वितीय स्थान पर राहुल काठात ब्यावर जिला अजमेर, तृतीय स्थान पर हनुमान माली निवासी गुलाबपूरा जिला भीलवाड़ा रहे। जानकारी के अनुसार मेराथन दौड़ में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता आपस में भाई का सम्बन्ध है। इस ऐतिहासिक जीत कि खुशी का दोनों भाइयों में उत्साह नजर आ रहा था।

## सार-समाचार

### ऋण वितरण शिविर शुरू

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्य सचिव के दिशा-निर्देशानुसार उदयपुर नगर निगम की ओर से राज्य सरकार की प्रमुख फ्लेगशिप योजना इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को नगर निगम के दीनदयाल सभागार में हुआ। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम के तहत पहले शिविर में बैंक ऑफ बडौदा के लाभार्थियों को ऋण वितरण करने के साथ ही नवीन लाभार्थियों के ऋण आवेदन करवाए गये। जिला कलक्टर मीणा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां आए लाभार्थियों से चर्चा कर उन्हें इन शिविरों का लाभ उठाने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने की बात कही। कलक्टर ने वहां मौजूद अधिकारियों एवं बैककर्मियों से शिविर की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने वार्ड अनुसार क्लस्टर बनाकर एवं व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद जन से कहा कि सरकार ने रोजगार को बढ़ावा देने एवं रोजगार के नये अवसर प्रदान करने के लिए इस योजना का संचालन किया है, ऐसे में आप सभी जागरूक होकर सरकार की इस योजना का पूरा-पूरा लाभ उठाए और अन्य लोगों को भी इसकी जानकारी दें।नगर निगम आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया कि शिविर में 7 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया वहीं औपचारिकताओं को पूर्ण करवाते हुए 209 लाभार्थियों के दस्तावेज पूर्ण करवाएं वहीं मौके पर पहुंचे 59 लाभार्थियों के नवीन आवेदन करवाये गये। शिविर के दौरान प्रबन्धक अग्रणी बैंक राजेश जैन, मोहन जाखड, बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला समन्वयक प्रदीप पाल एवं एनयूएलएम के कार्मिक भानुप्रताप सिंह, लता जोशी, मुकेश कीर,प्रदीप नागौरी, अभय खारोल उपस्थित रहे।

### रॉकवुड ने वंडर क्रिकेट एकेडमी को हराया

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के फील्ड क्लब मैदान पर पिम्स मेवाड क्लब क्रिकेट की ओर से आयोजित की जा रही टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलप्रेमियों को आईपीएल जैसा रोमांच देखने को मिल रहा है। सोमवार को प्रतियोगिता के तहत दो मुकाबले खेले गए। इस दौरान खेलप्रेमियों ने जहां आईपीएल और रणजी खिलाडियों के बल्लों से निकले छक्कों और चौकों की बरसात का आनंद उठाया, वहीं दूसरी ओर अंतिम ओवरों तक चले मैचों का लुत्फ उठाया। मुकाबलों के दौरान आयोजन समिति के लक्की ड्रा के प्रति भी दर्शकों की उत्सुकता बनी रही। आयोजक बिलाल अख्तर और हर्षित धायभाई ने बताया कि सोमवार को खेले गए पहले मुकाबले में मेवाड टूरिज्म क्लब ने अंतिम ओवर तक खींचे मुकाबले में टाइटन क्लब को 10 रन से हरा दिया। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलने वाले टाइटन के स्टार खिलाडी शिवम चौधरी का तेज तर्रार शतक भी टीम को जीत नहीं दिला सका। शिवम के आउट होते ही अन्य खिलाडी जीत के आवश्यक रन नहीं जुटा सके। मेवाड टूरिज्म क्लब ने पहले खेते हुए निशांत कुशवाह के 42 बॉल में बनाए 63, आफताबुद्दीन की दो छक्कों और चार चौकों से सजी पारी की बदौलत 210 रन बनाए। मेवाड टूरिज्म के अशोक शर्मा, कप्तान यश कोठारी और जय बिष्ट ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में टाइटन क्लब निर्धारित ओवर तक सभी विकेट खोकर 200 रन ही बना सका। मेवाड टूरिज्म के अशोकसिंह, यदूराजसिंह और कप्तान अमन रावत ने दो-दो विकेट चटकाए। शिवम चौधरी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।आयोजक और रणजी खिलाडी चंद्रपालसिंह ने बताया कि दोपहर बाद खेले गए दूसरे मुकाबले में अंतिम ओवर में रॉकवुड ने वंडर क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से हरा दिया।

### उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**मावली,** (निसं)। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष जीवन सिंह देवड़ा वअर्जुन सिंह चुंडावत के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास को आज बिहार सरकार माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में बताया कि बिहार का छपरा जिला के मुबारकपुर में सामूहिक हत्याकांड के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कड़ी कड़ी सजा दिलाने का बाबत मुबारकपुर गांव में दिनदहाड़े राजपूत समाज के 4 युवाओं का अपहरण स्थानीय सरपंच पति विजय यादव वह उसके गुंडों तत्वों द्वारा करके मुर्गी फार्म पर हाथ पैर बांधकर बुरी तरह से पीटा जाता है जिसमें 3 युवाओं की मौत हो जाती है और एक जीवन और मौत के बीच झूल रहा है। और प्रशासन पीड़ित परिवार को ही दोषी बनाने की कोशिश करता है आज देश भर में आक्रोश है और सोशल मीडिया के ट्रेंड चलाया जा रहा है जिसमें एक लाख से ज्यादा 1 घंटे में दर्ज किए गए इसमें समाज जन में आक्रोश है महसूस किया जा सकता है।आपसे निवेदन है कि आप इस पर तुरंत कार्रवाई करें अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देवें अन्यथा समाज सड़कों पर उतरेगा और उसके जिम्मेदार बिहार सरकार होगी इस दौरान राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला प्रभारी अर्जुन सिंह चुंडावत गढ़पुरा जिला अध्यक्ष जीवन सिंह से नवाड़ा मावली तहसील अध्यक्ष प्रहलाद सिंह उपाध्यक्ष राहुल सिंह सारंगदेवोत महामंत्री लक्ष्मण सिंह देवड़ा जिला महामंत्री शूरवीर सिंह भाटी जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह चौहान महामंत्री आलोक सिंह एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार्यशाला का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के उदयपुर चैप्टर में एक्जीक्यूटिव उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 15 दिवस के एक्जीक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभांरभ किया गया।उदयपुर चैप्टर के अध्यक्ष सी एस महिपाल सिंह सोलंकी ने बताया कि विद्यार्थी को एक्जीक्यूटिव उत्तीर्ण करने के बाद 15 दिवस के एक्जीक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्रामको करना अनिवार्य होता हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को पुस्तकों का ज्ञान तो मिलता है परंतु उतना ही आवश्यक व्यवहारिक ज्ञान है जोकिसी भी विद्यार्थी को पेशेवर में परिवर्तित करे वो व्यवहारिकता प्रशिक्षण देती है। आई सी एस आई अपने सभी विषयों की प्रायोगिक प्रशिक्षण देने में विश्वास रखती है और सभी विद्यार्थियों को समयानुसार प्रशिक्षण देती है। उदयपुर चैप्टर के सचिव सी एस सूर्य प्रकाश मोड़ ने बताया की आयोजन के मुख्य अतिथि सीएस भरत चौधरी एवं मुख्य वक्ता सी एस दिनेश पगारिआ थे। कार्यक्रमके दौरान समिति के सदस्य सी एस पुष्कर लाल जाट, सी एस शैलेश जैन, भानुप्रिया मेहता, सी एस रोहिणी अवचार, सी एस अर्पित कालानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सञ्चालन सी एस रोहिणी अवचार के द्वारा किया गया।

### एलआईसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**डूंगरपुर,** (निसं)। अडानी समूह की हिण्डनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर काँठोस पार्टी द्वारा देशभर में व कार्यालय के बाहर हो रहे विरोध प्रदर्शन के तहत डूंगरपुर जिला कांग्रेस कमेटी के शीर्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा आज मुख्यालय पर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार पर देश की धरोहरों को निजीकरण के साथ ही गलत आर्थिक नीतियों, अदूरदर्शी फेसलो, चहेते उद्योगपति को नियम विरुद्ध लाभ देकर करोड़ो बैंक पॉलिसी खाता धारक, जीवन बीमा पॉलिसी धारक के भविष्य खतरे में पड़ने के खिलाफ़ आक्रोश जताया। इस मौके पर अनुसूचित जाति वित्त एवं विभाग आयोग अध्यक्ष शंकर यादव ने कहा कि, केंद्र सरकार आज करोडो पॉलिसी धारक तथा केंद्रीय बैंकों में खाताधारक को जमा पूंजी भी दांव पर लगा रही है। यादव ने केंद्र सरकार को गरीबो का शोषण करने वाली सरकार बताते हुए करीबियों को फायदे पहुचने वाली बतलाया साथ ही कहा कि कांठोस जनता हितार्थ पार्टी है ओर वह करोड़ो निवेशकों के हक ओर उनके साथ खड़ी रहकर विरोध प्रदर्शन करती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### संगोष्ठी आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। विश्व कैंसर दिवस पर देबारी स्थित पेसिफिक डेन्टल कॉलेज व हॉस्पीटल में एशियन हेड एण्ड नेक कैंसर फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में डेन्टल ओन्कोलॉजी विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक मुखरोग विषेशज्ञ डॉ. प्रशान्त नाहर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि सन् 2020 के आंकडों के अनुसार ओरल कैंसर पूरे विश्व में 16वां बडा कैंसर रोग है जिससे हर साल करीब 4 लाख मौतें होती हैं। अत: इस वर्ष की थीम 'क्लोज द केयर गैप' को ध्यान में रखते हुए समस्त दन्त चिकित्सक मुँह व जबड़े के कैंसर से प्रभावितों को सही उपचार प्रदान कराने हेतु कृतसंकल्प है।मुख्य वक्ता नोर्थ वेस्ट कैंसर हॉस्पीटल अहमदाबाद के प्रख्यात हेड नेक कैंसर सर्जन डॉ. शक्तिसिंह देवरा थे। उन्होंने ओरल कैंसर के रोकथाम, निदान व उपचार में दन्त चिकित्सकों की भूमिका, सही उपचार हेतु दन्त चिकित्सा की उभरती विधा 'डेन्टल ओन्कोलॉजी' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुँह व जबडे के कैंसर की सर्जरी के पश्चात मरीज के जीवन स्तर को पुन: सामान्य बनाने के लिए उपयुक्त प्रोस्थेटिक रिहेबिलिटेशन तथा पेलियेटिव केयर की आवश्यकता है। इस अवसर पर टाटा मेमोरियल हॉस्पीटल मुम्बई के पूर्व डायरेक्टर व ख्यातनाम कैंसर सर्जन डॉ. अनील डीक्रूज ने डेन्टल ओन्कोलॉजी के मोड्यूल एज्यूकेन 2.0 का शुभारम्भ किया। कॉलेज के डीन डॉ. ए. भगवानदास राय ने कहा कि देश में मुँह व जबड़े के कैंसर से लाखों लोग प्रभावित है जिन्हें सही उपचार व मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

### मूलचंद लोढ़ा का किया स्वागत

**डूंगरपुर,** (निसं)। पद्मश्री अवार्ड के लिए नामित होने पर एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर ने मूलचंद लोढ़ा का सम्मान किया गया।ग्रुप की ओर से वागदरी स्थित आचार्य महाप्रज्ञा नेत्र चिकित्सालय के प्रांगण में संस्थान के मूलचंद लोढ़ा का शॉल, पुष्पहार व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया। ग्रुप सदर मकरानी ने बताया यह डूंगरपुर के लिए बड़े गौरव की बात है कि काफी लंबे समय के बाद डूंगरपुर को ये सम्मान मिला है जिससे के सभी समाजसेवियों में खुशी की लहर है और जिस तरीके से मूलचंद जी ने ठाामीण क्षेत्रों में जो अपनी सेवाएं दी है वह काफी सराहनीय है इसके पश्चात ठाुप की ओर से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया एवं सभी को सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग में नहीं लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोढ़ा ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से पशुधन की हानि के साथ ही पर्यावरण को भी काफी खतरा है यह यह खेती की जमीन को बंजर भूमि में बदल देता है।

### धरना व कार्य बहिष्कार

**डूंगरपुर,** (निसं)। संयुक्त संघर्ष समिति वन विभाग की ओर से लिए गए अनिश्चित कालीन कार्यबहिष्कार व धरना प्रदर्शन के तहत आज जिला वन विभाग के 4 विधान क्षेत्र सागवाड़ा, सीमलवाड़ा, आसपुर, आंतरी, बिछीवाड़ा वन रेंज के कार्मिक जिला मुख्यालय पहुचे ओर सरकार द्वारा उन्हें सुविधाओं के मुहैया न कराने पर जिले के 60 से अधिक कार्मिक उपवन संरक्षक कार्यलय के बाहर धरने पर बैठ गये। पदाधिकारियो ने बताया कि वनकर्मियों की ओर से 15 सूत्री मांगों जिसमे कर्मियों को समकक्ष वेतनमान, वनरक्षक के पदों का पूर्व की तरह समायोजन, मैस भत्ता 2200 करना, साइकल भत्ते को ईंधन भत्ते में तब्दील करने जैसे विषयो को लेकर समाधान की मांग की जा रही थी तथा ज्ञापन के द्वारा अवगत कराया भी गया जिस पर सरकार ने कोई सकारात्मक रवैया नही अपनाया जिस पर कर्मियों को अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार व धरना प्रदर्शन करना पडा।

## शिविर में 75 यूनिट रक्तदान

**बांसवाड़ा,** (निसं)। अभ्युदय वेलफेयर एसोसिएशन एवं भारतीय जन सेवा समिति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में महावीर मेटरनिटी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में सभी रक्त दाताओं को जीवन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष आरती रावल की ओर से निशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। अभ्युदय वेलफेयर एसोसिएशन की संचालक पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखा जोशी ने कहा कि रक्तदान महादान है इससे जहां जीवन दान दिया जा सकता है वहीं स्वयं के शरीर को भी लाभ होता है। दिल भी सेहतमंद रहता हैं वहीं स्ट्रोक के खतरे को कम करता है अत: लोगो को जागरूक और प्रेरित करना चाहिए। संस्था संचालक भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया, तथा भारतीय जन सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से गिरिराज कुमार, प्रेमकुमार डामोर तथा जीवनज्योति ट्रस्ट से सुरेंद्र डामोर आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेटर रवि विश्नोई ने छात्रों से किया संवाद

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, उमरड़ा (पिम्स) कैंपस में इंडियन क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रवि विश्नोई और अंडर टीम-19 के कप्तान प्रियम गर्ग का छात्रों से संवाद हुआ। इस मौके पर पिम्स हॉस्पीटल के चैयरमेन आशीष अठावाल द्वारा रवि विश्नोई और अंडर-19 टीम के कप्तान प्रियम गर्ग का नमन अग्रवाल द्वारा अभिनंदन किया गया।

रवि विश्नोई द्वारा छात्रों को खेल के बारे में जानकारी दी गई तथा बच्चों से संवाद के दौरान उन्होंने अपने जीवन के बारे में भी बताया कि वे कैसे क्रिकेट में आये और कैसे एक छोटी सी शुरूआत करके, लगन और कड़ी मेहनत कर बडे मुकाम पर पहुँचा जा सकता है। पिम्स चैयरमेन आशीष अठावाल ने बताया कि पिम्स हमेशा से ही खेल प्रतियोगिताओं में अठाणी रहा है और समय-समय पर ऐसे आयोजन करता रहा है। इस मौके पर पिम्स के कई छात्र-छात्राएं व स्टाफ मौजुद रहें।


उदयपुर के पिम्स केम्पस में इंडियन टीम के खिलाडी रवि विश्नोई का पिम्स के चेयरमैन आशीष अग्रवाल ( बीच में ) ने अभिनन्दन किया।

# अमृतयात्रा चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

■ आजादी के गौरवशाली इतिहास एवं केन्द्र सरकार की योजनओ से रूबरू होंगे आमजन : विधायक खराडी

**उदयपुर/झाड़ोल,** (कासं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय-उदयपुर के द्वारा उदयपुर जिले की झाडोल पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थित आजाद मैदान में तीन दिवसीय अमृतयात्रा चित्र प्रदर्शनी का शुभांरभ विधायक बाबू लाल खराडी के हाथों फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर झाडोल पंचायत समिति प्रधान राधा परमार, राजस्थान सरकार श्रम एवं सतर्कता समिति के सदस्य अमर सिंह झाला, विकास अधिकारी मुकेश परमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी विजय राज मीणा एवं नायब तहसीलदार घनश्याम, रोडी लाल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक बाबू लाल खराडी ने कहा कि प्रदर्शनी में स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और उनके समर्पण एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं को दर्शाया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आजादी की लडाई के गौरवशाली अतीत से आमजन के साथ-साथ युवा पीढी रूबरू होगी । इस प्रदर्शनी से नई पीढी को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे मे जानने का अवसर मिलेगा। यह उत्सव स्वंतत्रता सेनानियो के संकल्पों का जनउत्सव साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमें इस प्रदर्शनी के माध्यम से इस बात का पता चलेगा कि हमें किस तरह से आजादी मिली एवं किन लोगों ने अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हमें आज सहिष्णुता एवं धैर्य के साथ अपने काम को अंजाम देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर झाडोल पंचायत समिति प्रधान राधा परमार ने कहा इस प्रदर्शनी से हमें स्वतंत्रता के गौरवशाली इतिहास का स्मरण होगा तथा आजादी से जुडे आन्दोलनों एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्म निर्भर भारत जैसी अनेक योजनाओं को समझ कर ही हम एक नया भारत के निर्माण की परिकल्पना कर सकते हैं।

उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करवाते हुए अपील की कि हमें उनके पदचिन्हो पर चलकर देश के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर राजस्थान सरकार श्रम एवं सतर्कता समिति के सदस्य अमर सिंह झाला ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा भी अनेक जनकल्याणकारी योजनाऐ चलाई जा रही है। आम नागरिको के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए प्रदेश मे चिरंजीवी जैसी योजना संचालित है जिसमे दस लाख तक के निशुल्क ईलाज का प्रावधान किया गया हैं।प्रदर्शनी में मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी विजयराज मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा छह तरीके की सेवाए संचालित है जिनमे पोषण, शाला शिक्षा, टीकाकरण आदि कार्य किए जाते है। उन्होने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए संतुलित एवं पोष्टिक आहार आवश्यक है। किशोरियो के लिए उडान योजना के बारे मे विस्तृतात्मक जानकारी प्रदान की। प्रदर्शनी में वक्ता के रूप मे बोलते हुए विकास अधिकारी मुकेश परमार नें स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के प्रारंभ मे तकनीकी सहायक प्रवेश कुमार ने इस चित्र प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि अगले तीन दिनों में चित्र प्रदर्शनी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न योजनाओं पर व्याख्यान तथा अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव की जानकारी के अलावा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी यहाँ आने वालों को दी जाएगी।

## यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण

**राजसमंद/उदयपुर,** (कासं)। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा सीएसआर के तहत् कराये गये विकास कार्य अनुकरणीय है एवं इन कार्यो से जनता को लाभ मिलेगा यह बात राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी ने रेलमगरा,दरीबा के आदर्श यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक चारदीवारी निर्माण कार्य के लोकार्पण अवसर पर कही। कार्यक्रम के दौरान, डॉ जोशी जी ने हिंदुस्तान जिंक द्वारा किये गए इन निर्माण कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

दोनो ही निर्माण कार्य रेलमगरा तहसील के रेलमगरा ग्राम पंचायत में किये गए है और ये कार्य आमजन के लिये बहुउपयोगी साबित होगें। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, नीलाभ सक्सेना, एसडीएम, रेलमगरा मनसुख राम डामोर, प्रधान पंचायत समिति रेलमगरा, आदित्य प्रताप सिंह चैहान, उप प्रधान रेलमगरा, कमलेश चैधरी, हिन्दुस्तान ज़िंक की हेड सीएसआर अनुपम निधि, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के आईबीयू सीईओ विनोद जांगिड़, सरपंच रेलमगरा आशा जाट एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# डॉ. तुक्तक भानावत अध्यक्ष, पीयूष पारीक सचिव बने

**उदयपुर,** (कासं)। आर्ची ग्रुप ऑफ बिल्डर्स द्वारा न्यू भूपालपुरा स्थित अपने नये प्रोजेक्ट आर्ची आर्केड में रेजीडेंशियल वेलफेयर सोसायटी का गठन किया गया। इसमें आर्ची ठाुप के ऋषभ भाणावत, विनीत सरूपरिया, लोकेश मल्हारा, राजीव जैन, डूंगरसिंह कोठारी, शैलेष सरूपरिया, हिमांशु चौधरी ने नवगठित सोसायटी कार्यकारिणी को सोसायटी से संबंधित दस्तावेत सुपूर्द किये। नवगठित कार्यकारिणी में डॉ. तुक्तक भानावत अध्यक्ष, पीयूष पारीक सचिव, आलोक लसोड़ कोषाध्यक्ष, राजीव जैन उपाध्यक्ष, पुलकित अठावाल संयुक्त सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों अमित शर्मा, मनीष जैन, राजेन्द्रकुमार जैन तथा हितेश मोगरा ने वेलफेयर सोसायटी का कार्यभार संभाला।

आर्ची ठाुप के निदेशक विनीत सरूपरिया ने बताया कि आर्ची आर्केड काम्प्लेक्स की नीव वर्ष 2019 में रखी गई थी। दो-दो कोरोना काल के बावजूद ठाुप ने अपनी मेहनत, लगन और सहयोग से काम्प्लेक्स का कार्य नियत समय पर पूर्ण कर रहवासियों के प्रति अपने वचन का पालन किया है। इस अवसर पर मुकेश कलाल ने भी विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर राजेन्द्रसिंह पंवार, दीपेश चौधरी, सुरेश व्यास, गोपाल विश्नोई, पंकज मीणा, हरीश पुष्करणा, मांगीलाल खटीक, प्रशांत कर्ण आदि उपस्थित थे।


आर्ची ग्रुप ऑफ बिल्डर्स द्वारा रेजीडेंशियल वेलफेयर सोसायटी का गठन किया

## दो सौ मीटर तक युवक को घसीट ले गई कार

**उदयपुर,** (का.स.)। शनिवार रात को घंटाघर थाना इलाके में कार की टक्कर से एक युवक की मृत्यु हो गई । आरम्भ में इस हादसे को अज्ञात वाहन से होना बताया जा रहा था लेकिन दो दिन बाद सोमवार सीसी टीवी में वीडियो में कार ड्राइवर युवक को 2004 मीटर तक घसीटते हुए ले जाता दिखाई दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमराज नाम का युवक मालदास स्ट्रीट के पास बैठा रहता था। जो लोगों से पैसे मांगकर गुजारा करता था। शनिवार रात को तेज रफ्तार में आई ऑल्टो कार हेमराज को टक्कर मारकर करीब 200 मीटर दूर आयुर्वेद हॉस्पिटल तक ले गई। घायल हालत में रोड पर पड़े देखकर युवक को स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।हादसे के दो दिन बाद सोमवार को सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद हेमराज को कार से कुचले जाने की जानकारी सामने आई। इससे पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत माना जा रहा था।पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को देर रात हादसे की जानकारी सामने आ गई थी।

प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/23/20208 **लोक-सूचना** दिनांक:06/02/2023

श्री रूपलाल गमेती पिता श्री छगनलाल गमेती निवासी तेलियों का तालाब, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमंद ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | बागोला | 1506,1507 2157/1506 | कुल कीता 03 कुल रकबा 0.2276 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .................... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

# बजरी डंपर से हुई तीन लोगों की मौत, छह घंटे के प्रदर्शन के बाद उठाए शव

## मांगों पर सहमति बनने के बाद ही तीनों शवों का पोस्टमार्टम हो सका

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के जहाज़पुर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 148 डी धौड़ घाटी के पास बीती रात हुई डंपर की टक्कर से कार सवार तीन नौजवानों की मौत और दो जनों के घायल होने के मामले में दूसरे दिन जहाजपुर से भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में भाजपाइयों व परिजनों ने एसडीएम ऑफिस के बाहर चार सूत्रीय मांगों को लेकर 6 घंटे धरना दिया। मांगों पर सहमति बनने के बाद ही तीनों शवों का पोस्टमार्टम हो सका। पुलिस का कहना है कि तीनों शव परिजनों को सौंप दिये गये।

- **पुलिस ने हादसे के बाद वाहनों में हुई आगजानी के मामले में भी एफ़आईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की**



**जहाजपुर से भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में भाजपाइयों व परिजनों द्वारा एसडीएम ऑफिस के बाहर धरने के दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंच कर समझाइश की।**

जहाजपुर पुलिस के अनुसार, सरसिया निवासी रमेश पुत्र मथरा मीणा, धीरज पुत्र बरदीचंद सुवालका व नरेंद्र पुत्र प्रेमचंद मीणा के साथ ही नाथूण निवासी लेखराज पुत्र शांतिलाल मीणा व अशोक पुत्र राजू मीणा रविवार देर रात कार से नाथूण गांव से सरसिया जा रहे थे। यह कार, धौड़ घाटी के पास पहुंची थी कि जहाजपुर की ओर से आये बजरी भरे डंपर ने कार को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार सवार रमेश मीणा, धीरज सुवालका व लेखराज मीणा की मौत हो गई, जबकि अशोक मीणा व नरेंद्र मीणा घायल हो गये, जिन्हें जहाजपुर में प्राथमिक उपचार के बाद मुख्यालय पैट एमजी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। दूसरे दिन जहाजपुर से भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में भाजपाइयों व परिजनों ने एसडीएम ऑफिस के बाहर चार सूत्रीय मांगों को लेकर 6 घंटे तक धरना दिया। मांगों पर सहमति बनने के बाद ही तीनों शवों का पोस्टमार्टम हो सका।

पुलिस का कहना है कि तीनों शव परिजनों को सौंप दिये गये। पुलिस ने हादसे के बाद वाहनों में हुई आगजानी के मामले में भी एफ़ आई आर दर्ज कर मामले की जाँच शुरू की है।

# महिला से छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार करने की मांग



**पीड़ित पक्ष के लोगों ने पूर्व विधायक रामहेत यादव से मुलाकात की।**

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। क्लीनिक पर इलाज के लिए पहुंची महिला के साथ अश्लील हरकत के मामले में पुलिस रवैये से परेशान सिख समाज के लोग पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की गुहार को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव के किशनगढ़ बास मकान पर पहुंचे। पीड़ित पक्ष के लोगों का आरोप था कि पुलिस राजनीतिक दबाव में आरोपी डॉक्टर को बचा रही है और सत्तारूढ़ पार्टी के लोग राजीनामा को लेकर दबाव बना रहे हैं अब हमारी मदद करो यह मामला खैरथल पुलिस थाने का है।

पूर्व विधायक यादव के पास सोमवार को मदद की गुहार लेकर अनाज मंडी किशनगढ़ बास निवास पर पहुंचे सिख समाज के लोगों ने बताया खैरथल में निजी क्लीनिक पर महिला पति के साथ 2 दिन पहले इलाज कराने डॉक्टर के पास पहुंची तो डॉक्टर जीपी शर्मा महिला को इलाज के बहाने कमरे में ले गया और अश्लील हरकत की जिस पर महिला ने डॉक्टर के विरुद्ध खैरथल पुलिस थाने में शिकायत की हुई है। लेकिन पुलिस आरोपी डॉक्टर को नहीं पकड़ रही है उल्टे किलनिक पर कार्य करने वाली महिला नर्स की रिपोर्ट पर हमारे विरुद्ध जाति सूचक शब्द बोलने व मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पीड़ित परिवार के साथ आए सिख समाज के लोगों की पीड़ा को सुना और एसपी से फोन पर बात कर पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की बात कही।

- **निजी क्लीनिक पर डॉक्टर द्वारा महिला के साथ अश्लील हरकत का मामला**
- **पीड़ित परिवार के साथ सिख समाज के लोग पूर्व विधायक रामहेत यादव से मिले**

यादव ने एसपी से बात करने के बाद मिलने पहुंचे सिख समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सिख समाज के फैसले के साथ हैं। आरोपी डॉक्टर नहीं पकड़े जाने को लेकर सिख समाज के लोगों में रोष व्याप्त है।

# एमजी अस्पताल में कंपाउंडर ने मरीज को जड़ा थप्पड़

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय में विवाद ख़त्म होने का नाम ही नहीं ले रहे है। सोमवार को एक पेशेंट के अटेंडर को एक कंपाउंडर ने ना सिर्फ़ थप्पड़ जड़ दिये, बल्कि कंपाउंडर ने उसे कैंची घुसाने की कोशिश भी की। अटेंडर का कसूर इतना ही था कि वह, पर्ची पर लिखी दवा समझने के लिए कंपाउंडर के पास चला गया। उधर, पीड़ित ने आरोपित कंपाउंडर को अस्पताल से हटाने की मांग को लेकर पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ को शिकायत दी है।

- **कंपाउंडर ने उसे कैंची घुसाने की कोशिश भी की**
- **मरीज ने इस घटना को लेकर पीएमओ को शिकायत देते हुये कंपाउंडर को हटाने की मांग की**

एमजीएच चौकी प्रभारी अनवर हुसैन ने बताया कि करेड़ा थानासर्किल के जोरावरपुरा निवासी 40 वर्षीय भैंरूलाल पुत्र मोहनलाल लौहार ने पीएमओ को शिकायत दी। लौहार का आरोप है कि वह, अपने मित्र के पिता का उपचार करवाने के लिए जिला अस्पताल आया था।

घायल को सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया गया। वार्ड में पर्ची पर दवा लिखी गई। भैंरूलाल इस दवा को समझने के लिए वार्ड में तैनात कंपाउंडर प्रमोद के पास गया। कंपाउंडर प्रमोद ने क्रोध में आकर बिना कारण ही भैंरूलाल को तीन-चार थप्पड़ मार दिये। इतना ही नहीं, पीड़ित भैंरूलाल के पेट में कैंची घुसाने की कोशिश भी की, जिसे लोगों ने पकड़ लिया। भैंरूलाल ने इस घटना को लेकर पीएमओ को शिकायत देते हुये कंपाउंडर को हटाने की मांग की है।

# दो वाहन आमने-सामने भिड़े, बारह जने घायल

**बीकानेर,** (निसं)। श्रीडूंगरगढ़ के ठुकरियासर गांव में रविवार रात दो वाहनों के आमने-सामने टकराने से बारह जने घायल हो गए। जिसके बाद घायलों को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर रैफर किया गया है, हालांकि कुछ घायलों को श्रीडूंगरगढ़ में ही प्राथमिक उपचार दिया गया है।

धीरदेसर पुरोहितान गांव में रहने वाले लिखमाराम सुथार अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां किसी कार्यक्रम में गए हुए थे। वापसी में श्रीडूंगरगढ़ की ओर से ये लोग बोलेरो से लौट रहे थे। गांव ठुकरियासर से निकलते ही सामने से आ रही स्कॉर्पियो से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्कार्पियो में आग लग गई। आग लगने से काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। दोनों गाड़ियों में सवार यात्री घायल हुए हैं। आपणो गाव सेवा समिति को हादसे की जानकारी दी गई। इसी समिति की एम्बुलेंस से श्रीडूंगरगढ़ हॉस्पिटल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद 6 जनों को बीकानेर रेफर किया गया। घायलों में गांव धीरदेसर पुरोहितान के देवकर्ण, मोहन, लालचंद, पेमीदेवी, निरमा व झमका शामिल हैं। इनके अलावा द्रोपती पुत्री मघाराम, मनोज पुत्र लिखमाराम, विमला पत्नी मोहनलाल, आरती पत्नी मनोज, निशा पुत्री मनोहरलाल व गजानंद पुत्र रामकरण को सामान्य चोटें आने पर प्राथमिक उपचार किया गया है।

# सड़क किनारे लाश मिली

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के धम्बोला थाना सर्कल में 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिली। धम्बोला थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना सर्कल के पीठ सरथुना मार्ग पर पीठ गांव से कुछ ही दूरी पर सोमवार सुबह एक व्यक्ति की लाश सड़क के पास पत्थरों के बीच पड़ी हुई मिलने की जानकारी पुलिस को मिली जिस पर धम्बोला थाना अधिकारी हजारीलाल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

मौके पर जाकर देखा तो 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश पत्थरों के बीच पड़ी हुई है अज्ञात हत्यारे के द्वारा मृतक के चेहरे को पत्थर से बुरी तरह क्षत विक्षत किया हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मृतक व्यक्ति की पहचान कर ली है मृतक भंडारी गांव निवासी मणिलाल पिता रणछोड़ डामोर है।

# रुपये और सोने की ज्वैलरी से भरा पर्स लौटाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। महज कुछ पैसों के लिए जहां भाई-भाई व दोस्तों के बीच झगड़े हो जाते हैं वहीं समाज में कुछ ऐसे लोग अभी भी जिंदा हैं जो दूसरों के पैसों को अमानत समझकर उन्हें उसके असली मालिक तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

ऐसी ही ईमानदारी की एक मिसाल पेश की है गांव सुखामंड रतनपुरा पंचायत निवासी चांद मल शर्मा के पुत्र राहुल शर्मा ने। राहुल शर्मा ने उमरी निवासी नरपत सिंह डिंपल सिंह लाचूडा को रुपयों और सोने का बैग दो मोबाइल आधार कार्ड आदि से भरा पर्स लौटाकर समाज के लिए एक उदाहरण पेश किया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी राहुल शर्मा रोडवेज बस स्टैंड के पास होटल पर कार्यरत है। एक दिन पूर्व रविवार रात्रि को अपने गांव के लिय भीलवाड़ा से कार से निकला। धुवाला चौराहे के पास अपने कार पर सवार होकर सुखामण्ड आ रहे थे। अचानक धुवाला चौराहे के पास एक पर्स दिखाई दिया जिसको खोलने पर उसमें दो मोबाइल सोने की रकम पैसे भी थे इसके तुरंत बाद मोबाइल से राहुल नाम के नंबर पर कॉल करके इसकी सूचना दी। इसके बाद उमरी निवासी नरपत सिंह एवं लाछुड़ा निवासी डिंपल सिंह ने सामान के बारे में बताया जिसके बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स लौटाया जिसमे 11912 रुपए सोने की झुमरी, झेला, रखड़ी, शीशफूल, दो मोबाइल दो आधार कार्ड आदि लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया।

# ईरानी युवकों के विदेशी मुद्रा के साथ पकड़े जाने से भारत में कई जगह ठगी की आशंका

**बीकानेर,** (निसं)। रविवार को गिरफ्तार हुये ईरानी युवकों से कई चौंकाने वाले मामलों का खुलासा हो सकता है। पुलिस को उम्मीद है कि इन युवकों ने देशभर में कई जगह ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। फिलहाल नापासर में एक व्यापारी से नोटों की गड्डी से नोट निकालने का आरोप लगा है। इनके कब्जे से मिले कागजात और मुद्रा पुलिस के लिए चौंकाने वाले हैं।

सवाल ये खड़ा हो रहा है कि भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा लेकर ये लोग भारत में क्यों चक्कर काट रहे हैं? इनके पास अमेरिका के सात हजार सात सौ सत्तर डॉलर मिले हैं, जिसकी भारत में कीमत छह लाख 21 हजार रुपए के आसपास है। इसी तरह सात सौ यूरो में 56 हजार रुपए, सौ कनेडियन डॉलर में छह हजार एक सौ तीस रुपए मिले हैं। इसके अलावा ग्यारह ईरानी रियॉल, दो सौ सउदी रियाल, एक हजार यूएई दिरम, पांच सौ ओमान मुद्रा व दस कोरिया मुद्रा मिली है। एक हजार यूएई दिरम ही भारत में करीब दो लाख रुपए के आसपास है। ऐसे में करीब दस लाख रुपए की मुद्रा इन ईरानी युवकों से बरामद की जा चुकी है। इसके अलावा भारतीय मुद्रा में एक लाख तेरह हजार रुपए भी मिले हैं।

अलग अलग नाम से दस फर्जी आधार कार्ड, फर्जी भारतीय व विदेशी सीम कार्ड, मादक पदार्थ, कई एजेंसियों के विजिटिंग कार्ड, मुद्रा एक्सचेंज कार्ड, उर्दू में लिखे कुछ कागज भी बरामद हुए हैं। उर्दू के कागजों की जांच करवाई जा रही है कि उसमें क्या लिखा है।

पुलिस को आशंका है कि इन तीनों ने मिलकर भारत में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है और अब छिपते हुए भारत में कई जगह ठगी कर रहे हैं। ये भी पता लगाया जा रहा है कि इनका पुराना रिकार्ड क्या है। इसके लिए बीकानेर पुलिस अब ईरान के भारत में राजदूत कार्यालय में भी संपर्क करेगी। जहां से ईरान का रिकार्ड मिल सकता है। वैसे भी विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार करने पर संबंधित देश के राजदूत कार्यालय को सूचना देनी होती है।

इन तीनों ने बीकानेर में होटल में फर्जी नाम से अपनी बुकिंग करवाई थी। इन नामों के आधार कार्ड भी इनके पास थे, जो पूरी तरफ फर्जी निकले। बीकानेर के होटल में सलमान नाम से एक फर्जी आईडी देकर ही कमरा बुक करवाया था। फर्जी आधार कार्ड बनवाने का मामला भी अलग से दर्ज किया जा रहा है।

पुलिस ने होशियार बनकर रह रहे मोहम्मन नीयां पुत्र हातम सरदस्त उम्र 26 साल निवासी ईरान, सलमान नाम से भारत में रहने वाले शहराम जकी पुत्र अमीर उम्र 47 साल निवासी ईरान और अहमद जिहाई बहले पुत्र मिर्जा मोहम्मद उम्र 34 साल निवासी ईरान को गिरफ्तार किया है।

# 'फसल खराबे की रिपोर्ट भिजवायें'

**करौली,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार ने कहा कि गत दिनों वर्षा के कारण फसलों मे हुए नुकसान की रिपोर्ट राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए रिपोर्ट शीघ्र ही भिजवायें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पीएम आवास योजना की गति बढाने, नगर परिषद आयुक्त को शहर मे साफ सफाई करवाने, विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति करवाने के निर्देश दिये। बैठक मे डीओआईटी के संयुक्त निदेशक विनोद मीना, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मीना आदि उपस्थित रहे।

# बदलते मौसम के कारण अस्पताल में मरीज बढ़े

**नारायणपुर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बदलते मौसम के कारण राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सुरेश मीणा ने बताया कि बदलते मौसम के कारण अस्पताल की ओपीडी में पहले से अधिक मरीज आ रहे हैं । इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को ओपीडी में मरीजों का आंकड़ा 600 से अधिक संख्या को पार कर गया। इसमे सबसे ज्यादा मरीज बुखार, खांसी, जुखाम के आ रहे हैं। चिकित्सक विक्रम गुर्जर, पूरण जाट, मनीष बामनिया ने मरीजों को साफ-सफाई का ध्यान रखने सहित मौसमी बीमारी से बचाव के उपाय बताये।



**नारायणपुर क्षेत्र में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।**

# शादियों के कारण बाजार में बढ़ी भीड़, लोग जाम से परेशान

**पावटा,** (निसं)। शादियों के दौर के कारण बाजारों में इन दिनों सुबह से देर रात तक भीड़ रहती है। बाजारों में जमकर खरीदारी की जा रही है। दो पहिया वाहनों से बाजारों में अव्यवस्था देखने को मिली, कई बार जाम लगता रहा। बाजार में अतिक्रमण और सड़क पर लगने वाले हाथ ठेलों के कारण राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल है।

- **पावटा नगर की यातायात व्यवस्था और सड़कों की चौडाई नहीं बढ़ने से परेशानी**
- **बाजार में अतिक्रमण और सड़क पर लगने वाले हाथ ठेलों से राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हुआ**
- **नगरवासियों ने पालिका और प्रशासनिक अधिकारियों को जाम की समस्या से कई बार अवगत करवाया है**

सोमवार को शहर के प्रमुख बाजारों में सभी जगह जाम के हालात थे। बाजार में जाम के कारण खरीदारी के लिए आने वाले लोगों और शहर के लोगों को परेशान होना पड़ा, लेकिन इससे निपटने के इंतजाम नहीं किए गए। शहर के सभी प्रमुख बाजारों में किराना व बर्तन की दुकानों से लेकर विवाह समारोह की तैयारी के लिए खरीदारों की जमघट देखने को मिला। जिसके चलते बाजार में रौनक बनी हुई है। गौरतलब है कि नगर के बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार में खरीददारी के लिए आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। ऐसे में अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं नगर की आबादी बढने के साथ व्यापार में भी वृद्धि हुई है। इसके बाद भी नगर की यातायात व्यवस्था और सड़कों की चौडाई नहीं बढी है। इससे नगर की यातायात व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

जबकि नगरवासियों के द्वारा लगातार नगर पालिका और प्रशासनिक अधिकारियों को जाम की समस्या से कई बार अवगत करवाया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से कार, जीप, ट्रैक्टर ट्राली लेकर खरीददारी करने वाले अपने वाहनों को बाजार में दुकानों के आगे मुख्य सडक पर खड़ा कर देते हैं। इस कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। जाम के कारण वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी निकलने में परेशानी होती है। नगर के सर्विस रोड, सुभाष चौक, होली चौक, घंटाघर चौक पर दिन में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती होती है। सर्विस रोड पर जाम की वजह से एंबुलेंस के जरिए मरीजों को ले जाने में काफी परेशानी होती है।

जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन को कडा कदम उठाना होगा, तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिलेगी। दिन पर दिन जाम यहां बढ रहा है। दिनेश शर्मा ने बताया कि आडे तिरछे खडे वाहन ही यहां जाम का मुय कारण है। इन पर अंकुश लगाना जरुरी हैं। सती से कार्यवाही करते हुए ऐसे वाहनों के चालान होना जरुरी हैं। सुरेश शर्मा ने बताया कि जाम के कारण यहां लोगों को काफी परेशानी होती है। वाहनों को बाहर ही रोक देना चाहिए। पैदल ही लोग बाजारों में जाएं तो बेहतर रहेगा।

# मांडलगढ़ के निर्धारित बस स्टैण्ड पर दो दशक से नहीं आ रही रोडवेज बसें

## भीलवाड़ा डिपो के मुख्य प्रबंधक ने बस स्टैंड का जायजा लेकर शुरू करने का भरोसा दिया

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ कस्बे के निर्धारित बस स्टेण्ड पर रोडवेज बसें दो दशक से नहीं आ रही हैं। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। वहीं बस स्टैंड वीरान पड़ा है। जबकि बसों के ठहराव के पर्याप्त नगर पालिका ने किए हुए हैं। इस समस्या को लेकर सोमवार को भीलवाड़ा डिपो के मुख्य प्रबंधक ने बस स्टैंड का जायजा लिया और इसे शीघ्र ही शुरू करने का भरोसा दिया हैं।

मांडलगढ़ शहर वासियों की उक्त समस्या समाधान के लिए नगर पालिकाध्यक्ष जफ़र हुसैन टांक ने पहल शुरू की। टांक के आग्रह पर सोमवार को भीलवाड़ा आगार के मुख्य प्रबंधक परमवीर सिंह ने दो दशक से बन्द पड़े बस स्टैंड का जायजा लिया। मुख्य प्रबंधक ने बुकिंग कार्यालय, यात्री प्रतीक्षालय, सुलभ कॉम्प्लेक्स, यात्रियों के लिए टॉयलेट की बेहतर सुविधाओं का जायजा लिया, जो पर्याप्त और सुविधाजनक मिली। वहीं रोडवेज बसों के निर्धारित मार्ग ओर बस स्टैंड के परिसर को देखा।



**मांडलगढ़ में दो दशक से बन्द पड़े रोडवेज बस स्टैंड को शुरू करने के लिए नगर पालिकाध्यक्ष जफ़र टांक के साथ भीलवाड़ा आगार के मुख्य प्रबंधक परमवीर सिंह ने जायजा लिया।**

नगरवासियों ने पालिकाध्यक्ष जफ़र टांक के नेतृत्व में आगार प्रबंधक को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि दो दशक से निर्धारित बस स्टैंड पर रोडवेज की बसें नहीं आ रही हैं। रोडवेज की सभी बसें स्टेच्यू सर्किल ओर बाईपास से सीधी निकल जाती हैं। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। कस्बे के पुरानी आबादी के यात्रियों को 2 किलोमीटर पैदल चल कर रोडवेज की बस पकड़नी पड़ती हैं। बस स्टैंड निवासी रमेश चन्द्र तम्बोली, कैलाश नायक ने बताया कि नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड पर ओर बसों के निर्धारित मार्ग पर सीमेंट की नई सड़कें बनाई हैं।

- **कस्बे के पुरानी आबादी के यात्रियों को दो किलोमीटर पैदल चल कर रोडवेज की बस पकड़नी पड़ती हैं**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम भीलवाड़ा के मुख्य प्रबंधक ने बस स्टैंड पर आधारभूत सुविधाओं को देख रोडवेज की बसों को निर्धारित बस स्टैंड पर लाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और बस स्टैंड पर फिर से रौनक लाने का भरोसा दिया।

नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि निर्धारित बस स्टैंड को पुनः शुरू किया जाता हैं तो रोडवेज बुकिंग भवन के साथ फर्नीचर व अन्य सुविधाएं पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

# अफ्रीकन स्वाइन फीवर संक्रमित शूकर वंशीय पशुओं के आवागमन एवं परिवहन पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पशुपालन विभाग ने प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में ब्लॉक स्तरीय दलों का गठन किया है। संक्रमित क्षेत्र (इंफेक्टड जोन), निगरानी क्षेत्र (सर्विलेंस जोन) एवं मुक्त क्षेत्र (फ्री जोन) के आधार पर गठित इन दलों द्वारा संक्रमित एवं शूकर वंशीय पशुओं के विचरण स्थल पर पहुंच कर सर्वेक्षण कर रोग की रोकथाम एवं निदान के लिए हर संभव कार्यवाही की जा रही है। गठित दलों द्वारा संक्रमित एवं मृत शूकरों के सैंपल एकत्र कर अफ्रीकन स्वाइन फीवर रोग की पुष्टि के लिए राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, निषाद भोपाल भिजवाए जा रहे हैं। रोग की आक्रामकता एवं शूकर पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने रोग की रोकथाम के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किये हैं।

इस सम्बंध ने विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. राठौड़ ने बताया कि रोग के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए विभागीय अधिकारियों को अलर्ट जारी कर शूकर वंशीय पशुओं को इस रोग से बचाने एवं पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए प्रत्येक ज़िले के प्रभावित क्षेत्रों में रोग सर्वेक्षण, रोग निदान, प्रतिबंधित/मुक्त क्षेत्र चिन्हित कर 'क्षेत्र विशिष्ट कार्यवाही' निष्पादित की जायेगी।



अफ्रीकन स्वाइन फीवर रोग के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए प्रत्येक ज़िले के प्रभावित क्षेत्रों में रोग सर्वेक्षण के लिये पशुपालन विभाग की टीम रवाना हुई।

उन्होंने कहा कि शूकर वंशीय संक्रमित पशुओं एवं संपर्क में आये अन्य शूकरों का वैज्ञानिक रीति से यूथेनाइज, क्षेत्र का विसंक्रमण, वेक्टर कण्ट्रोल, जैव कचरे, पशु आहार एवं अन्य कचरे आदि का निस्तारण किया जाएगा ताकि रोग पर नियंत्रण किया जा सके। वहीं जंगली शूकरों में रोग प्रकोप नियंत्रण के लिए वन विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित कर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि शूकर वंशीय पशुओं की असामान्य मृत्यु एवं अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि के सम्बन्ध में प्रभावित क्षेत्र के जिला प्रशासन, सम्बंधित ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी एवं स्थानीय निकाय व पंचायतों को अवगत करवा कर अपेक्षित सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग पशुपालकों के हितों के लिए समर्पित है। किसी भी प्रकार की मदद विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर ली जा सकती है। साथ ही पशुपालक भी पशुओं में असामान्य स्थिति होने पर विभाग के अधिकारियों से तुरंत संपर्क करें ताकि राज्य के पशुओं को समय रहते इस तरह के रोगों से निदान पहुंचाया जा सके।

- 'पशुपालकों की सहायता के लिए विभाग 24 घंटे समर्पित, प्रत्येक जिले में ब्लॉक स्तर पर त्वरित कार्यवाही दल गठित'



पेपर लीक व बेरोजगारी से नाराज बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने सुबह से सूर्यास्त तक सेंट्रल पार्क में सरकार के विरोध में लगातार दौड़ लगाई।

# 'जनवरी तक 5573 करोड़ का राजस्व संग्रहण'

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य का माइंस विभाग राजस्व अर्जन में इस साल नया रेकार्ड कायम करने जा रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि जनवरी, 23 तक विभाग द्वारा 5572 करोड़ 96 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है जो गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में करीब 836 करोड़ रु. अधिक है जबकि 2020-21 की पूरे वित्तीय वर्ष के राजस्व संग्रहण 4966 करोड़ 39 लाख से 606 करोड़ रु. से भी अधिक का राजस्व संग्रहित किया है।

एसीएस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्ष में 6395 करोड़ 75 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया था जबकि इस साल सात हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित कर नया रेकार्ड बनाया जाएगा। राजस्व बढ़ोतरी के लिए विभाग द्वारा समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी राजस्व की छीजत रोकने और राजस्व बढ़ाने के लिए विभागीय मोनेटरिंग व्यवस्था को मजबूत करने और नियमित समीक्षा के परिणाम स्वरुप राजस्व बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता मिली है। विभाग द्वारा योजनावद्ध तरीके से अवैध खनन व परिवहन गतिविधियों पर कार्यवाही में तेजी लाई गई। नियमित मोनेटरिंग, दिशानिर्देश के क्रियान्वयन व आपसी समझ व समन्वय से लक्ष्यों से अधिक राजस्व अर्जित किया जा सका है।

- एसीएस माइंस ने अधिकारियों से कहा जितना अधिक फील्ड से जुड़ेंगे उतने ही मिलेंगे बेहतर परिणाम

एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल सोमवार को सचिवालय में निदेशक माइंस संदेश नायक व अधिकारियों के साथ माइंस विभाग की राजस्व वसूली और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने रेकार्ड राजस्व अर्जन के लिए विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई देते हुए बताया कि टीम भावना व परस्पर समन्वय से यह रेकार्ड राजस्व संग्रहण हो सका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जितना अधिक फील्ड से जुड़े रहेंगे उतने ही अधिक सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे, राजस्व बढ़ेगा, अवैध गतिविधियां रुकेगी और वैध खनन गतिविधियों को बढ़ाया मिलेगा।

## जहरखुरानी की वारदात करने वाले गिरोह का बदमाश पकड़ा

**जयपुर**,(कासं)। करौली के नादौती थाने में वांछित एक अपराधी जयपुर में जहरखुरानी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर 21 महंगे मोबाइल बरामद किए हैं।

थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित विजय सिंह उर्फ पप्पू (38) गांव केमा नादौती जिला करौली हाल रैगरों का मोहल्ला, झोटवाड़ा का रहने वाला है। उसके कब्जे से जनाना अस्पताल में नशीली चाय पिला पिता-पुत्र से चुराए गए 2 मोबाइल सहित कुल 21 महंगे मोबाइल बरामद किए गए हैं।

आरोपित जहरखुरानी की वारदातों का मास्टरमाइण्ड है, जो अस्पतालों व सिंधीकैम्प बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों से पहले जान-पहचान बनाता है, फिर उनको नींद की गोलियां चाय में मिलाकर पिला देता है। बेहोशी की हालत में वारदात कर फरार हो जाता है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल बुद्धाराम और गंगाराम की अहम् भूमिका रही।

# सभी राज्यों में बनाए गए राजस्थान उद्योग मित्र

**जयपुर**, (का.सं.)। मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संगठन को तेजी से विस्तार देने के लिए संस्था के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि, मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के द्वारा भारत के प्रत्येक राज्य में राजस्थान उद्योग मित्र बनाए गए हैं। पूरी दुनिया में, मारवाड़ी शब्द को उद्यमिता की पहचान माना जाता है एवं मारवाड़ीयो द्वारा भारत के सभी राज्यों एवं विदेशों में उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान रहा है एवं मारवाड़ीयो ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। इसी दिशा में राजस्थान में तेजी से औद्योगिक विकास के लिए, राजस्थान के आर्थिक विकास को गति देने के लिए, राजस्थान के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए एवं राजस्थान को देश- विदेश के मानचित्र पर औद्योगिक स्टेट का दर्जा देने के लिए, मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन विशेष रूप से कार्य कर रहा है।

मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन ने राजस्थान में तेजी से औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए प्रवासी राजस्थानीओं को जो कि औद्योगिक नीतियों, कर प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन, टैक्स कंसलटेंट ,इंडस्ट्री कंसलटेंट आदि निपुण है एवं उनके पास चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कंपनी सेक्रेट्री, टैक्स कंसलटेंट, आईसीसीडब्ल्यू, कॉस्ट अकाउंटेंट आदि की डिग्रियां एवं अनुभव हो उनको राजस्थान उद्योग मित्र के रुप में नियुक्त किया गया है। यह सभी राजस्थान उद्योग मित्र, राज्य सरकार को औद्योगिक एवं व्यापारिक नीतियों से संबंधित समय-समय पर सुझाव देंगे एवं वास्तविक रूप से राजस्थान में कैसे निवेश के और अवसर उपलब्ध हो सकते हैं, यहां के युवाओं को कैसे रोजगार मिल सकता है और प्रदेश का आर्थिक विकास तेजी से कैसे हो सकता है इस संबंध में अपनी राय मशवरा देंगे एवं प्रवासी राजस्थानी यों को प्रदेश में उद्योग व्यापार को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित करेंगे।

# मोहन भागवत के ब्राह्मण विरोधी बयानों की घोर भर्त्सना की

**जयपुर** (का.सं.)। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के ब्राह्मण विरोधी बयानों की भर्त्सना की मोहन भागवत आर.एस.एस. प्रमुख के नाते ब्राह्मण समाज को जातिवाद फैलाने का आरोप लगाते हैं तुरंत माफी मांग कर अपने बयानों को वापस ले ब्राह्मणों ने कभी ना जातिवाद किया ना कभी जातिवाद फैलाई इस देश के अनेको प्रधानमंत्री व देश के आजादी के समय अधिकतर राज्यों के मुख्यमंत्री ब्राह्मण समाज से थे उसके बावजूद भी कभी समाज के राजनेताओं ने न परिवारवाद वह जातिवाद किया ,हमेशा सर्व जाति को साथ लेकर सभी के हितों के लिए ब्राह्मण समाज तत्पर रहा है

आर.एस.एस. का असली चेहरा मोहन भागवत के सामने के माध्यम से आ गया और यह सिद्ध है आर एस एस का राजनीतिकरण हो चुका है। पंकज पचलंगिया ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से छटपटा कर आर. एस. एस. ने अपना असली चेहरा आम जनता के सामने मोहन भागवत के बयान के माध्यम से पेश किया है

यदि आर.एस.एस. मोहन भागवत के बयानों से इत्तेफाक नहीं रखती तो तुरंत मोहन भागवत को पद से हटाए। पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि ब्राह्मण विरोधी बयान का व्यापक असर पूरे हिंदुस्तान में होगा तुरंत मोहन भागवत को माफी मांगनी होगी।

# रेल मंत्री को देवदर्शन के शिलान्यास करने राजसमंद आने का न्यौता दिया

**जयपुर**, (का.सं.)। सांसद दीया कुमारी के नेतृत्व में राजसमंद जिले के जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के एक दल ने दिल्ली के रेल भवन में केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर मावली मारवाड़ आमान परिवर्तन के प्रथम फेज में नाथद्वारा से देवगढ़ तक के लिए 968.92 करोड़ की स्वीकृति हेतु आभार व्यक्त किया।

- नाथद्वारा से देवगढ़ तक ब्रॉडगेज हेतु 968.92 करोड़ की स्वीकृति पर जताया आभार

दल की भावनाओं को केंद्रीय मंत्री वैष्णव के समक्ष रखते हुए सांसद दीया कुमारी ने कहा की 8 - 9 दशक की लंबी प्रतीक्षा को पूर्ण कर क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं को जो उपहार आपने दिया है उससे सभी प्रसन्न है। मोदी सरकार के प्रति जनता अपनी सद्भावनाएं व्यक्त करती है। क्षेत्र की जनता अपेक्षा रखती है की प्रथम चरण की घोषणा की विधिवत शुरुआत करते हुए जल्दी से जल्दी कार्य पूर्ण कर दूसरे चरण की शुरुआत की जाए।



सांसद दीया कुमारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली में मिले।

वैष्णव ने कहा कि रेल सेवाओं का विस्तार करके ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है और यह सब पी.एम. मोदी के नेतृत्व के कारण संभव हो पा रहा हैं जो बारीकी से एक एक बात का निरीक्षण करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा की जल्दी ही प्रथम चरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। आभार ज्ञापित करने दिल्ली पहुंचे करीब 50 कार्यकर्ताओं के दल ने केंद्रीय मंत्री वैष्णव को प्रभु श्रीनाथ जी का छवि चित्र भेंट कर पान प्रसाद गुलदस्ते और इकलाई के साथ भावपूर्ण स्वागत सम्मान करते हुए भारत माता, श्रीचार भुजानाथजी, श्रीद्वारकाधीश और श्रीनाथजी, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जयकारे के साथ राजसमंद आकर देवदर्शन के साथ शिलान्यास करने का न्योता दिया।

## वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने बनीपार्क थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है।

उसके पास से पुलिस ने चोरी के तीन ई-रिक्शा, बैटरी, छह महंगी साइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में रैकी कर चोरी की वारदात करना कबूल किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) परिस देशमुख ने बताया कि सीएसटी ने बनीपार्क थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर विनय मीणा उर्फ राजा (21) निवासी पिलोद जिला सवाईमाधोपुर हाल जवाहर नगर कच्ची बस्ती को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के तीन ई-रिक्शा, तीन ई-रिक्शा बैटरी, छह महंगी साइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपित से प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि पूर्व से खड़े वाहनों की रैकी कर चोरी करता है। चोरी किये गये ई-रिक्शा, बैट्रीयों व साईकिलों को फेरी करने वालों को 500-700 रुपये में बेच कर नशा करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# इमरजेंसी सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों में अलग से फंड होगा

**जयपुर**। राइट टू हैल्थ बिल पर चिकित्सकों और निजी अस्पतालों के विरोध को देखते हुए राज्य सरकार इस बिल में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत इमरजेंसी में आने वाले मरीज के इलाज की बाध्यता को देखते हुए राज्य सरकार इसके लिए अलग से फंड बना सकती है।

- निजी अस्पतालों के बढ़ते विरोध को देखते हुए राइट टू हैल्थ बिल में बदलाव की तैयारी

फिलहाल इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है और जल्द ही इस पर निर्णय किया जाएगा। अभी यह फंड कितना होगा इस पर भी निर्णय किया जाना बाकी है। राइट टू हेल्थ बिल पर प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों का सबसे बड़ा विरोध इलाज के खर्च को लेकर ही था। हॉस्पिटल संचालकों का कहना है कि इमरजेंसी में आने वाले एक्सीडेंट केस में मरीज का इलाज करने का प्रावधान तो बिल में है, लेकिन इस पर होने वाले खर्च को कौन उठाएगा। बिल में प्रावधान है कि एक्सीडेंट के अलावा इमरजेंसी में कोई अन्य मरीज भी इलाज के लिए अस्पताल में आता है। उसे पैसे के अभाव में डॉक्टर या हॉस्पिटल इलाज देने से मना नहीं कर सकते। रुपए देने का दबाव नहीं डाल सकते। भुगतान नहीं होने की स्थिति में शव नहीं रोक सकते। इसको लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक विरोध कर रहे थे। बिल का विरोध कर रहे चिकित्सक तथा निजी अस्पताल संचालकों के सुझाव सुनने के लिए विधानसभा की प्रवर समिति 11 फरवरी को बैठक करेगी। बैठक में सुझाव सुनने के बाद उन पर कमेटी चर्चा करके उनके सुझावों को बिल में शामिल करने पर विचार करेगी। उसके बाद बिल को पास करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रवर समिति इस पर अपनी रिपोर्ट 13 फरवरी को पेश कर सकती है। गौरतलब है कि विधानसभा सत्र में राइट टू हैल्थ बिल आया था लेकिन विरोध के चलते इसे प्रवर समिति को सौंप दिया गया।

## सोमवार को एक नया संक्रमित मिला

**जयपुर**। प्रदेश में सोमवार को करोना संक्रमण का एक नया मामला सामने आया है। इस दौरान एक और मरीज के ठीक होने से एक्टिव केस 15 पर ही बने हुए हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में एक नया संक्रमित मालवीय नगर में मिला है। इससे पहले राज्य में रविवार को भी एक ही मरीज पाया गया था। इधर आज जयपुर में एक नया संक्रमित मिलने से एक्टिव केस बढ़कर 5 हो गए हैं। प्रदेश में सोमवार को केवल एक संक्रमित के ठीक होने से एक्टिव केस 15 पर ही बने हुए हैं। इनमें भरतपुर में 6, जयपुर में 5 व उदयपुर में 3 तथा अलवर में एक मामला है। राज्य में सोमवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9654 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में आज 5 हजार 217 कोविड के टीके लगाये गये है।

## गौतम सिंघानिया की बेंटले 1937 को कॉन्कर्स द एलीगेंस अवार्ड

**जयपुर**। 24 वीं विंटेज व क्लासिक कार रैली के तहत जैकब रोड स्थित जयपर महल पैलेस से रविवार सुबह 10.30 के बाद एक एक विटेंज कारें जैसे ही सड़कों पर निकली, लोग मोबाइल निकालकर तस्वीरें लेने लगे। जय महल पैलेस से रवाना होकर सभी गाडियां दिल्ली स्थित ताज होटल तक पहुंची और वापस जय महल पैलेस लौटी। पंजाब के पूर्व गवर्नर वीपी सिंह बदनोर व रेमंड के गौतम सिंघानिया ने रैली का फ्लैग ऑफ किया। कार्यक्रम पर्यटन विभाग व राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित हुआ।

विंटेज कैटेगरी में इंडस्टिलिस्ट गौतम सिंघानिया की बेंटले 1937 को कॉन्कर्स द एलीगेंस अवार्ड मिला। वहीं बेस्ट मेंटेन्ड कार का खिताब मर्सिडीज बेंज 1939, क्लासिक कैटेगरी में विक्रम की ब्यूक सुपर 8 को कॉन्कर्स द एलीगेंस खिताब और बेस्ट मेंटेड कार का खिताब क्रिस्लर 1947 को मिला।

# नौ लोगों पर बालानंद मठ की संपत्तियां हड़पने का आरोप

**जयपुर**, (का.सं.)। राजधानी जयपुर के चांदपोल बाजार में पुरानी बस्ती स्थित बालानंदजी के मठ के महंत महेशदास ने नाहरगढ़ थाने में एक मुकदमा दर्ज करवाया है। इसमें 9 लोगों पर फर्जी वसीयत बनाकर मठ की संपत्तियों को हड़पने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अब इस केस की जांच नाहरगढ़ थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक महेश दास ने रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले 35 वर्षों से बालानंद के मठ में सेवा पूजा एवं प्रबंधन सहित सभी कार्य संचालित कर रहा है। वह मठ के पूर्व महंत लक्ष्मणनंदाचार्य जी का चेला है।

महंत लक्ष्मणदास ने अपने देहांत से पहले महेशदास के पक्ष में वसीयत 9 अक्टूबर 22 को तैयार की, जिसमें उन्होंने अपने शिष्य महेशदास को अपना चेला एवं उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था। 31 अक्टूबर 22 को मठ के महंत लक्ष्मणनंदाचार्य जी के देहांत के बाद 27 नवंबर 22 को मठ से जुड़े लोगों के बीच चादर पोशी की रस्म अदा की गई जिसमें महेश्दास को महंत घोषित किया गया।

## लैब टेक्नीशियन ने धरना दिया

**जयपुर**। अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ की ओर से प्रदेशभर के लैब टेक्नीशियन ने कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर सोमवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम मीणा व मेडिकल कॉलेज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग सोनी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया जाएगा प्रदेश प्रवक्ता महेश सैनी ने बताया कि विगत कई वर्षों से ग्रेड पे 4200, भत्ते व पदनाम संशोधन को लेकर सोमवार को शहीद स्मारक पर समूचे प्रदेश से आए लैब टेक्नीशियन संवर्ग के कार्मिक जमा हुए। इस दौरान मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के 5 प्रमुख सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मांगों के संबंध में वार्ता के लिए बुलाया गया।

## एसएमएस अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी होगी

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में जल्द ही रोबोटिस सर्जरी शुरू की जाएगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने दो मशीन खरीदने की प्रक्रिया पूरी कर कम्पनी को आर्डर दे दिए हैं। माना जा रहा है कि इसी माह ये मशीनें अस्पताल मे आ जाएगी। प्रदेश के सरकारी अस्पताल में ऐसी सुविधा पहली बार मिलने जा रही है। दिल्ली, गुडग़ांव, मुंबई जैसे शहरों के अस्पतालों में यह सुविधा पहले से ही शुरू है लेकिन प्रदेश में इस प्रकार की मशीनें पहली बार सर्जरी के काम में ली जाएगी।

ये दोनों मशीनें एसएमएस हॉस्पिटल के यूरोलॉजी और जनरल सर्जरी विभाग में रहेंगी। रोबोटिक सर्जरी डे-केयर सर्जरी के लिए सबसे अच्छी तकनीक है। इस मशीन के जरिए छोटे सा छेद कर बड़ी सर्जरी कर दी जाती है। इससे मरीज को दर्द कम होता है। ब्लड भी कम बहता है। इसके साथ ही वह सामान्य हाथ या दूरबीन से की जाने वाली सर्जरी की तुलना में जल्दी रिकवर होता है। संभावना है कि मार्च के दूसरे सप्ताह से मशीन काम करना शुरू कर देगी। इससे पहले चिकित्सकों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# नानी ने झारखंड से जयपुर आकर 55 हजार में नाबालिग को बेचा

**जयपुर**। राजधानी के माणक चौक थाने में रुपयों के लिए एक नाबालिग को झारखंड से जयपुर में 55 हजार में बेचने का मामला सामने आया है। नाबालिग की जबरन शादी कराने लगे तो उसने मना किया, जिसके बाद डेढ़ माह तक उसके दरिंदगी होती रही। पीड़िता शनिवार रात जैसे तैसे बड़ी चौपड़ पहुंची, जहां वह सड़क पर बैठ कर ही रोने लगी।

इस पर वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उससे बात की तो उसकी आपबीती सुनाई। इसके बाद देर रात मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अन्य आरोपित महिलाओं की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया इलाके स्थित धाबाई का खुर्रा निवासी सुनीता का बेटा विकास अविवाहित है, जिसकी शादी में अड़चने आ रही थी। सुनीता की झारखंड में रिश्तेदारी है, जिस वजह से उसका जिला गिरिडीह, झारखंड आना जाना था।

सुनीता के संपर्क में एक सब्जी बेचने वाली महिला थी, जिसे उसने अपने बेटे की शादी के लिए कहा था। सब्जी बेचने वाली महिला के नाबालिग की नानी से संपर्क थे। इस पर सब्जी बेचने वाली महिला 13 वर्षीया नाबालिग की नानी को रुपयों का लालच दिया। इस पर नानी ने 55 हजार रूपए में उसे सुनीता को बेच दिया।

करीब दो माह पहले सब्जी बेचने वाली महिला और नानी नाबालिग को जयपुर छोड़ गए। यहां सुनीता ने अपने बेटे विकास से उसकी जबरन शादी की तैयारियां शुरू कर दी। लेकिन नाबालिग ने ऐसा करने से मना कर दिया। इस पर उन्होंने नाबालिग को बंधक बना लिया गया। इस दौरान विकास उसकी अस्मत लूटता रहा।

- पीड़िता शनिवार रात बड़ी चौपड़ पर सड़क पर बैठ कर रोती हुए पुलिसकर्मियों को मिली।
- नाबालिग से धाबाई का खुर्रा निवासी युवक डेढ़ महीने से ज्यादती कर रहा था।
- पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य महिलाओं की तलाश जारी है।

शनिवार रात बड़ी चौपड़ पर सड़क पर रोती हुई नाबालिग के पास वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पहुंचे तो नाबालिग ने अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। नाबालिग को माणक चौक थाने लाया गया, जहां उसके बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपित विकास (25) को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसकी मां सुनीता, नाबालिग की नानी और सब्जी बेचने वाली महिला की तलाश की जा रही है।

## अवैध हथियार सहित बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी की आदर्श नगर थाना पुलिस और डीएसटी ने एक बालअपचारी सहित दो जनों को पकड़ कर इनके कब्जे से देशी कट्टा, कारतूस जब्त किए हैं। वहीं, दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी ईस्ट डॉ. राजीव पचार ने बताया मुखबिर की सूचना पर काली माता मंदिर श्मसान घाट के पास आरोपित शुभम नामा (20) निवासी गंगापुर हाल जौहरी बाजार को गिरफ्तार कर इसके साथी बालअपचारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित शुभम के कब्जे से देशी कट्टा और नाबालिग से कारतूस जब्त किए हैं।

इसके अलावा संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए आरोपित बिन्दु मीणा निवासी वीकेआई और संजु उर्फ संजय मीणा निवासी कैला देवी को गिरफ्तार किया गया है।

# वन विभाग के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया

## मांगें नहीं मानने पर प्रदेशव्यापी आव्हान पर वनकर्मी जयपुर कूच करेंगे

**खेतड़ी, (निसं)।** वन विभाग के कर्मचारियों ने सोमवार को राजस्थान सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेशव्यापी आव्हान पर खेतडी रेंज कार्यालय के सामने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया।

कर्मचारियों ने बताया कि वन विभाग में आठवीं और दसवीं पास कार्य प्रभारी वन कर्मियों को पूर्व की तरह आयु सीमा व योग्यता में राज्य सरकार के वित्त विभाग द्वारा स्थिलता देते हुए पूर्व की तरह वनरक्षक के पद का समायोजन किया जाए, जंगलों में राजकार्य करने वाले वनकर्मियों को मैस भत्ते की राशि में बढोतरी की जाए, वन विभाग में कार्यरत प्रभारियों की ग्रेड पे अन्य विभागों की तरह बढाई जाए, राजस्थान वन विभाग श्रमिक संघ के साथ हुए पूर्व में समझौते को लागू किया जाए, विभाग में कार्यरत कार्मिकों की तरह वर्दी वेतन भत्ता बढाया जाए, अवैध शिकार, अतिक्रमण, कटान आदि कार्यों की रोकथाम के लिए स्वयं के हथियार दिलवाए जाएं, वन विभाग में कार्यरत वाहन चालक को भी योग्यता अनुसार पदोन्नति के अवसर प्रदान किए जाए, वन विभाग में वाहन चालकों को उनके समकक्ष पदों के वनकर्मियों समान वर्दी लागू की जाए, विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को अभयारण्य, नेशनल पार्क में निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की जाए, विभागीय कर्मचारियों को विश्राम गृह में रूकने की व्यवस्था आदि में बढोतरी की जाए तथा ड्यूटी का समय निर्धारित करने सहित 15 सूत्रीय मांगो को लेकर विरोध जताया।



**खेतड़ी में वन विभाग के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर मोर्चा खोला।**

■ **सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध**

उन्होंने बताया कि पूर्व में भी सरकार के साथ विभाग के कर्मचारियों की वार्ताएं हुई थी, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं निकल पाया। यदि सरकार इस बार कर्मचारियों की मांगें नहीं मानेगी तो प्रदेशव्यापी आव्हान पर सभी वनकर्मी जयपुर कूच करेंगे और विधानसभा का घेराव कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। इस मौके पर सरला शर्मा, अनीता चौधरी, सुमेर सिंह, बिरजू सिंह, रतन सिंह, जितेंद्र सिंह, साधु राम, अरूण कुमार, ओमप्रकाश, महेंद्र सिंह, महिपाल सिंह रिणवा, कुलदीप, महेंद्र, ईश्वर, सांवरमल, सत्यवान पूनिया सहित अन्य वनकर्मी मौजूद रहे।

# गलत जांच करने पर कानोता थाने का एएसआई सस्पेंड

## अग्रिम जमानत खारिज होने के बावजूद गिरफ्तार नहीं किया

- शिकायत पर आरोपी को पकड़ा दो दिन थाने में रखा, लेकिन सांठगांठ कर छोड़ दिया
- आरोपी के खिलाफ चोरी, लूट व मारपीट कर जानलेवा हमले के बस्सी, चंदवाजी व कानोता थाने में पांच मुकदमे दर्ज है फिर भी छोड़ा

**जयपुर, (कासं)।** शराब के लिए पैसे मांगने पर मना करने से नाराज एक बदमाश ने अपने साथियों को बुलाकर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर हाथ पैर तोड़ने के मामले में लापरवाही बरतने एवं अग्रिम जमानत खारिज होने के बावजूद मुल्जिम से सांठगांठ कर उसे दो दिन हिरासत में रख गिरफ्तारी नहीं दिखा छोड़ने तथा मामले में गलत अनुसंधान करने पर डीसीपी जयपुर (पूर्व) ने कानोता थाने के एएसआई रामराज मीणा को निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कानोता में नांगल बोहरा निवासी नरेन्द्र शर्मा से शराब के लिए पैसे मांगने पर नहीं देने से नाराज चैनपुरा निवासी अशोक मीणा पुत्र पूरणमल ने अपने 5-6 साथियों को बुलाकर जानलेवा हमला कर उसके हाथ पैर तोडकर बलपूर्वक उसकी जेब से 1500 रूपये छीनकर लूट ले गये थे। जिसका मुकदमा पुलिस थाना कानोता में 581/22 धारा 323, 341, 327, 379 में दर्ज है तथा मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक रामराज मीणा के पास थी। रामराज मीणा ने मुल्जिम अशोक मीणा की बस्सी एडीजे कोर्ट से दिनांक 30/9/22 को अग्रिम जमानत खारिज होने पर भी मिलीभगत करके उसे गिरफ्तार नहीं किया। शिकायत होने पर 7 जनवरी को उसे हिरासत में लेकर 8 जनवरी को सांठगांठ करके चश्मदीद गवाहों के बयानों एवं सबूतों को नजरअंदाज कर उसे छोड़ दिया। आरोपी अशोक मीणा के खिलाफ बस्सी, चंदवाजी एवं कानोता में मारपीट कर लूटपाट के पांच गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज होने के बावजूद उसकी गिरफ्तारी नहीं की।

परिवादी विजेन्द्र शर्मा ने 18 जनवरी को अति. पुलिस कमिश्नर (अपराध) अजयपाल लाम्बा को अग्रिम जमानत खारिज होने के बावजूद जांच अधिकारी रामराज मीणा ने आरोपी अशोक मीणा को दो दिन अवैध हिरासत में रख उसकी गिरफ्तारी नहीं कर मोटी रकम रिश्वत लेकर उसे छोड़ने पर कार्रवाई करने एवं मुकदमे की जांच बदलकर धारा 308, 392 जोड़ने तथा हटाई गई धारा 327 पुनः जोड़कर आरोपियों की गिरफ्तारी की शिकायत की गई थी। अजयपाल लाम्बा ने शिकायत को डीसीपी (पूर्व) को कार्रवाई के लिए भेज दी थी। डीसीपी (पूर्व) ने 21 जनवरी को जांच अधिकारी रामराज मीणा को फाइल सहित तलब किया था लेकिन वह नहीं गया। परिवादी 2 जनवरी को डीसीपी कार्यालय गया तो 3 जनवरी को जांच अधिकारी रामराज मीणा को फाइल लेकर बुलाया।

परिवादी के भाई सुरेश शर्मा ने डीसीपी (पूर्व) राजीव पचार को जांच अधिकारी द्वारा अपनी जाति के मुल्जिम को बचाने के लिए सांठगांठ कर अग्रिम जमानत खारिज होने पर भी मुल्जिम को छोडने, चश्मदीद गवाहों के बयान बदलने, धारा 327, 379,143 हटाने व धारा 308, 392 जानबूझकर नहीं लगाने तथा घटना का सीसीटीवी फुटेज व हमला करने में प्रयुक्त लोहे की रॉड व लूट की राशि बरामद नहीं करने तथा दो ऐसे झूठे मामले एक में खान में दबकर मरने की घटना को एक्सीडेंट का रूप देकर झूठी एफआईआर दर्ज कराने में रामराज मीणा की संलिप्तता से अवगत कराया। इस पर डीसीपी (पूर्व) ने एएसआई रामराज मीणा को सस्पेंड कर दिया।

परिवादी के भाई सुरेश शर्मा ने बताया कि खान में दबने से मौत एवं दो बाइक की भिड़ंत में गाड़ी लगवाकर दर्ज मामले में भी जांच अधिकारी रामराज मीणा ही है। क्लेम के लिए अपनी जाति के लोगों से झूठा मामला दर्ज कराने पर दोनों मामलों की असलियत का पर्दाफाश कर घटना की सच्चाई से पर्दा उठाकर रामराज मीणा को बर्खास्त कराया जायेगा।

# उद्घाटन समारोह में कांग्रेस महिला पार्षद की अनदेखी

**चूरू, (कासं)।** चूरू की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में राजस्थान सरकार द्वारा नव स्थापित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के उद्घाटन समारोह में सोमवार को कांग्रेस कांग्रेस की महिला पार्षद सरोज देवी सैनी की अनदेखी चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां मुख्य अतिथि शमशेर भालू खान, विशिष्ट अतिथि संतोष महर्षि डीईओ प्रारंभिक शिक्षा चूरू, ओम दत्त सहारण मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ब्लॉक चूरू, ताराचंद बुडानिया अध्यक्ष हाउसिंग बोर्ड विकास समिति, अविनाश सहारण शिक्षा विभाग प्रतिनिधि, हरि राम न्योल, शेर खान, रामनिवास सहारण, राजवीर सिंह, रामेश्वर लाल व कॉलोनी वासियों द्वारा नव स्थापित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का उद्घाटन किया गया। यहां लोगों ने कहा कि कांग्रेस सरकार में पार्टी के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की जा रही है। यहां समारोह में पहुंचने के लिए कांग्रेस की वार्ड पार्षद सरोज देवी सैनी को कोई सूचना तक नहीं दी गई। जबकि आसपास के गांवों के कांग्रेस नेताओं को भी समारोह में बुलाया गया। इससे यहां कांग्रेस पार्टी की गुटबाजी उजागर हो गई है।

यहां शमशेर भालू खान ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, शिक्षा मंत्री बुलाकीदास कल्ला, शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान द्वारा यह विद्यालय प्रारंभ किया गया है, जो हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व राजकीय प्राथमिक विद्यालय उस्मानाबाद चूरू में प्रारंभ किया जा चुका है। आने वाले समय में पांच और नए नवीन स्कूल मय भवन खोले जाने प्रस्तावित हैं। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि ने कहा कि शिक्षा विभाग की तरफ से विद्यालय संचालन में हर प्रकार का सहयोग किया जाएगा। ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ओम दत्त सहारण ने संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी लेते हुए कॉलोनी वासियों से अधिक से अधिक नामांकन करवाने हेतु सहयोग का आव्हान किया। विद्यालय स्टाफ द्वारा समस्त विद्यार्थियों के लिए पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलवाया गया।

# लाखों रुपए लेकर फरार हुआ युवक

**पाली, (निसं)।** बचत के नाम पर लोगों का ग्रुप बनाकर बीसी शुरु कर हर माह रुपए एकत्रित कर एक युवक लाखों रुपए लेकर फरार हो गया। सदस्यों को जब इसका पता चला तो उनके होश उड़ गए। इस पर कुछ ने कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया पुलिस जांच में जुटी है।

पाली के कोतवाली थाने में एक फरवरी को सत्यनारायण मार्ग आंखों के हॉस्पिटल के पास रहने वाले सतीश जोशी पुत्र घनश्याम जोशी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि रामदेव रोड एमजीबी ग्रामीण बैंक के सामने रहने वाले दिनेश जसवानी पुत्र गिरधारीलाल अपने साथी भावेश चेचाणी के साथ मिलकर बीसी चलाता है। आरोपी उनका भी परिचित था इसलिए उसके झांके में आकर 18 जून 2021 को बीस से जुड़ गया। हर माह 25 हजार रुपए की बीसी आरोपी के पास भरता था। ऐसा करते हुए उन्होंने 1 लाख 25 हजार रुपए और उनके भाई गौतम जोशी 2 लाख रुपए आरोपी के पास भरे लेकर वापस देने की बजाय आरोपी ऑफिस बंद कर फरार हो गया और अब फोन पर सिर्फ रुपए वापस देने का आश्वासन दे रहा है। इसी तरह भैरूघाट निवासी अर्जुन जोशी पुत्र मांगीलाल जोशी ने भी कोतवाली थाने में आरोपी दिनेश जसवानी और उसके भावेश चेचाणी के खिलाफ रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि उन्होंने आरोपी के पास 2 अगस्त 2021 से बीसी भरना शुरू किया।

# कहार समाज ने प्रदर्शन किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान कहार, कीर, केवट, भोई, मेहरा, कश्यप समाज आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से सोमवार को शाहपुरा में केवट कल्याण बोर्ड के गठन करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।


प्रदेश उपाध्यक्ष ने देबीलाल कहार ने बताया कि केवट कल्याण बोर्ड का गठन करने तथा राजस्थान में हमारे समाज की लगभग 30 लाख की जनसंख्या है। जिन्हें विभिन्न नामों से जाना जाता है। जैसे कहार, कीर, केवट, भोई, मेहरा, कश्यप, धीवर, निषाद, मांझी, मल्लाह आदि नामों से जाना जाता है। 11सुत्रीय मांगों को लेकर कहार समाज के लोगो ने उपखंड कार्यालय पर पहुंचकर नारे बाजी कर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व श्री राम मंदिर उदयभान गेट पर एकत्रित होकर रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री रामलाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू कहार, जिलाध्यक्ष राजू लाल कहार, तहसील अध्यक्ष दुर्गालाल कहार, तहसील कोषाध्यक्ष राजू साजन, राजू बगरवार प्रेम कहार, राजू, भंवरलाल, लक्ष्मण पटेल, गोपाल, लादू, बरदू, छगना, रामलाल, कल्याण, लादू, मोडू, दयाराम, किशन, छोटू, रतन, महावीर, छीतर, मोहन, ऊर्जन, रामदेव, गोपाल कहार नंद लाल, भेरू, सोहन, बबलू, महेंद्र, रामा कहार सहित रामपुरा, ढिकोला, मुशी,बनेड़ा, कल्याणपुरा, कनेच्छन,से समस्त समाज के आस पास के ठाामीण समाज बन्धु सम्मिलित हुए।

# अमेरिका के संत स्वामी चेतनानंद महाराज का स्वागत किया

**खेतड़ी, (निसं)।** अमेरिका के सेंट लुइस रामकृष्ण मिशन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चेतनानंद महाराज सोमवार को दो दिवसीय खेतडी दौरे पर आए। इस दौरान अजीत विवेक संग्रहालय में पालिका अध्यक्ष गीता लीलाधर सैनी व मिशन के सचिव स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज के नेतृत्व में कस्बेवासियों ने स्वामी चेतनानंद महाराज का भव्य स्वागत किया। स्वामी चेतनानंद महाराज ने सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान कस्बेवासियों ने गाजे-बाज के साथ माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान स्वामी चेतनानंद महाराज ने बताया कि खेतड़ी की धरा पर आना उनके लिए एक सौभाग्य की बात है। वह अमेरिका में रामकृष्ण मिशन आश्रम में कार्यरत हैं, लेकिन खेतड़ी आने की बारंबार उनकी इच्छा रहती थी। वह स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह के रिश्तों के बारे में विस्तार से जानने के लिए खेतड़ी आए हैं। मिशन के सचिव स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज ने कहा कि अमेरिका के सेंट लुइस के आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चेतनानंद महाराज दो दिवसीय खेतडी दौरे पर हैं। शाम को वह भक्तजनों को प्रवचन देंगे। स्वामी चेतनानंद महाराज संस्कृत, अंग्रेजी और बंगाली भाषा के विशेष जानकार है। इस दौरान पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने कहा कि संत महात्माओं के सानिध्य में रहने से मनुष्य की मानसिक स्थिति संतुलन में रहती है। उनके द्वारा दिए गए उपदेशों से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आती है।


**अजीत विवेक संग्रहालय में स्वामी चेतनानंद महाराज का स्वागत किया गया।**

■ **स्वामी चेतनानंद महाराज दो दिवसीय खेतड़ी दौरे पर आए**

स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे, उन्होंने पूरे विश्व में सनातन धर्म का परचम लहराया था। उसी के चलते आज स्वामी चेतनानंद महाराज अमेरिका से खेतडी आए हैं। खेतडी एक पावन धरा है और आने वाले समय में खेतडी एक बार दोबारा से अपना खोया हुआ अस्तित्व प्राप्त करेगी और जल्द ही पर्यटक नगरी के रूप में अपनी पहचान बनाएगी। इस मौके पर अशोक सिंह शेखावत, ईश्वर पांडे, सुनील सैनी, रमाकांत वर्मा, शिवताज सिंह यादव, कालीचरण गुप्ता, मनमोहन, मोहित, पवन कटारिया, बक्शी राम स्वामी, स्वामी योग युक्तआनंद, स्वामी मुरारीसानंद, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी मातृस्वरूपनंद, स्वामी प्रशांतानंद, रामस्वरूप, पार्थ बेरा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से युवक की मौत

**उदयपुर, (का.स.)** ।शनिवार रात को घंटाघर थाना इलाके में कार की टक्कर से एक युवक की मृत्यु हो गई । आरम्भ में इस हादसे को अज्ञात वाहन से होना बताया जा रहा था लेकिन दो दिन बाद सोमवार सीसी टीवी में वीडियो में कार ड्राइवर युवक को 2004 मीटर तक घसीटते हुए ले जाता दिखाई दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमराज नाम का युवक मालदास स्ट्रीट के पास बैठा रहता था। जो लोगों से पैसे मांगकर गुजारा करता था। शनिवार रात को तेज रफ्तार में आई ऑल्टो कार हेमराज को टक्कर मारकर करीब 200 मीटर दूर आयुर्वेद हॉस्पिटल तक ले गई। घायल हालत में रोड पर पड़े देखकर युवक को स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के दो दिन बाद सोमवार को सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद हेमराज को कार से कुचले जाने की जानकारी सामने आई। इससे पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत माना जा रहा था।

# चंबल का पानी खेतों तक लाने के लिए एकजुट होने का आव्हान

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** गांव लपावली और टोडी खोहरा गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के भंडारे में किसान नेता रामनिवास मीना शामिल हुए। उपस्थित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए मीना ने कहा कि श्रीमद भागवत श्रवण से धर्म का प्रसार बढता है। ऐसे आयोजनों में सभी को पूरे मन से शामिल होना चाहिए। इस दौरान भामाशाह रामनिवास मीना ने दोनों स्थानों पर अपनी ओर से 21-21 हजार रूपए भेंट किए और ईआरसीपी के प्रति एकजुट होने की अपील की।

गांव लपावली में प्रताप पटेल के आवास पर श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन पर भंडारा आयोजित हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस धार्मिक आयोजन में कथा आयोजक और पंच-पटेलों के बुलावे पर पहुंचे पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने उपस्थित हजारों लोगों को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना बनने पर चंबल का पानी पांचना बांध में आएगा तो पानी की कोई कमी नहीं रहेगी और 13 जिलों के आमजन की पेयजल और सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस दौरान लपावली गांव के पंच-पटेलों ने भामाशाह रामनिवास मीना का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इसी प्रकार गांव टोडी खोहरा के देहरा वाले बालाजी मंदिर में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के भंडारे में भी किसान नेता रामनिवास मीना ने शिरकत की और सभी को ईआरसीपी के बारे में जानकारी देते हुए चंबल का पानी खेतों तक लाने के लिए एकजुट होने का आव्हान किया।

# चार साल से ठंडे बस्ते में पड़ी मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप देने की योजना

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं और शिक्षा विभागीय पंजीयक बीकानेर द्वारा आयोजित कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले मेधावी विद्यार्थियों को राज्य सरकार की ओर से मेधावी विद्यार्थी लेपटॉप वितरण योजना के तहत दिए जाने वाले लेपटॉप का वितरण तीन साल से नहीं हो पा रहा है।

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि राजकीय स्कूलों की कक्षा आठवीं के 6 हजार, दसवीं के 6 हजार 300 व बारहवीं के 9 हजार विद्यार्थियों को प्रति सत्र लेपटॉप वितरण किया जाना था। लेकिन वर्तमान में ये योजना पिछले तीन वर्ष से ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। दूसरी ओर चौथा सत्र भी समापन की ओर हैं क्योंकि बोर्ड परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित हो जाती है ओर अप्रैल मई में बोर्ड परिणाम जारी कर देता है। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) लगातार राज्य सरकार व विभाग के समक्ष लैपटॉप वितरण की मांग को प्रमुखता से उठाया है। संघ ने इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री अशोक सहित विभाग के मंत्री व निदेशक को कई बार ज्ञापन भी दिए।

■ **रेसटा ने इस योजना को लेकर सीएम सहित विभाग के मंत्री को अवगत कराया है**

प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि जब कोरोना के बढ़ते प्रभाव के कारण शहरों में स्कूले बंद थी और ऑनलाइन शिक्षण करवाया जा रहा था। उसी समय पर यदि इनका वितरण हो जाता तो मेधावी विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक होता। क्योंकि मेधावी विद्यार्थी निर्धनता के कारण लेपटॉप नहीं खरीद सकते। राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अक्टूबर माह में जल्द ही लैपटॉप वितरण की घोषणा की थी। पर चार माह गुजरने के बाद भी लैपटॉप वितरण की योजना फिर ठंडे बस्ते में चली गई है।

एक लाख से कम आय वाले अभिभावकों के पात्र मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप मिलते है। प्रति सत्र लगभग 21 हजार, 300 मेघावी विद्यार्थियों को लेपटॉप मिलते है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने सत्र 2018-19 के पात्र मेधावी विद्याथिन्यों की सुची जारी कर दी थी। लेकिन आज तक इन विद्यार्थियों को लेपटॉप नहीं मिले। इनका वितरण मार्च 20 में होना था लेकिन अभी तक नहीं हों पाया।

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि मेघावी विधार्थी लेपटॉप वितरण योजना के तहत चार शिक्षा सत्रों 2018-19, 2019-20, 2020-21,2021-22 के राज्य के करीब 93 हजार छात्र -छात्राओं को लैपटॉप अभी तक नहीं मिले है। राज्य में अधिकाश निर्धन परिवार के छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे है। जिनके माता-पिता लेपटॉप/स्मार्ट फोन/टेबलेट की व्यवस्था करने में असमर्थ है।

शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहरसिंह सलावद का कहना है कि मेघावी विधार्थी लेपटॉप वितरण योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को पिछले तीन सत्रों से लेपटॉप वितरण नहीं किया जा रहा है। इसकी मांग शिक्षक संघ रेसटा लगातार राज्य सरकार से कर रहा था। इस पर राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अक्टूबर माह में तीनों सत्रों के बकाया लैपटॉप जल्द वितरण की घोषणा की है, लेकिन चार माह बाद भी वितरण नहीं हुआ है। इसलिए संघ की मांग है की मेघावी विद्याथिन्यों के लिए लेपटॉप बहुत लाभदायक सिद्ध होगे इसलिए इनका वितरण फरवरी माह में करवाएं जाएं। निःशुल्क लैपटॉप वितरण योजना शिक्षा ओर शिक्षार्थी के लिए सरकार व विभाग का हितकारी फैसला साबित हो रहा है।

# सुदेश धनखड़ ने घना का भ्रमण किया

**भरतपुर, (निस)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ सोमवार को भरतपुर दौरे पर पहुंची। यहां उन्होंने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया और पक्षियों की अठखेलियां देखीं। साथ ही केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में स्थित ऐतिहासिक केवलादेव शिव मंदिर में पूजा आराधना भी की।

करीब 1 घंटे तक सुदेश धनखड़ ने उद्यान में पक्षियों और प्रकृति को निहारा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड की पत्नी सुदेश धनखड सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान पहुंची। यहां उन्होंने पूरी सुरक्षा के साथ गोल्फ कार्ट में बैठकर उद्यान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बायनाकूलर से पक्षियों को निहारा। पेंटेड स्टार्क के नेस्ट में नवजात पक्षियों और जलाशयों में पक्षियों की अठखेलियां देखकर अभिभूत हो गईं।

डीएफओ नाहर सिंह ने बताया कि सुदेश धनखड ने उद्यान के ऐतिहासिक शिव मंदिर में पूजा आराधना की। इसके बाद उद्यान के डॉ सालिम अली सेंटर का भी भ्रमण किया। उसके बाद करीब दोपहर 1.45 बजे उपराष्ट्रपति की पत्नी उद्यान से रवाना हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार को उप राष्ट्रपति की पत्नी सुदेश धनखड़ ने गोवर्धन पहुंचकर गोवर्धन जी की परिक्रमा भी लगाई। साथ ही दानघाटी और बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए। उसके बाद सुदेश धनखड भरतपुर पहुंची थीं।

# जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के खिलाड़ियों ने इंदौर में जीता गोल्ड मेडल

**जैसलमेर, (निसं)।** युवा मामलात एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पांचवा खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स का आयोजन इंदौर में 31 जनवरी से 4 फरवरी तक किया गया।

जिला खेल अधिकारी राकेश बिश्नोई ने बताया कि राजस्थान टीम में जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी से विकास चौधरी सुरेंद्र चौधरी एवं मोहित का चयन किया गया। फाइनल में तमिलनाडु को 90-85 के अंतर से पराजित कर राजस्थान टीम ने खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स 2022 का खिताब अपने नाम किया। गौरतलब है कि 2011 में जिला कलेक्टर गिरिराजसिंह कुशवाहा ने अपने कार्यकाल में जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी खुलवाने की अनुमति ली। उसी के परिणाम स्वरूप जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी में तरासे गए खिलाड़ियों द्वारा भारतवर्ष में अव्वल स्थान प्रदान कर गोल्ड मेडल जीता गया है।

जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष अर्जुन अवॉर्डी ओलंपियन पदम डॉ कृष्णा पूनिया राजस्थान सरकार के काबीना मंत्री शाले मोहम्मद राजस्थान बास्केटबॉल संघ के संरक्षक एवं जैसलमेर विधायक रूपाराम धनदे, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, सभापति नगर परिषद हरीवल्लभ कल्ला, राजस्थान महिला आयोग सदस्य एवं पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, उप जिला प्रमुख डॉ बी के बारूपाल, जिला कलेक्टर जैसलमेर टीना डाबी, जिला पुलिस अधीक्षक भंवर सिंह नाथावत, राजस्थान के मुख्य खेल अधिकारी द्रोणाचार्य अवॉर्डी वीरेंद्र पूनिया, राजस्थान बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह राठौड़ एवं सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष मयंक भाटिया एवं सचिव हरीश धनदेव सहित खेल संघ से जुड़े पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राजस्थान टीम के प्रशिक्षक राकेश बिश्नोई एवं अकादमी के खिलाड़ियों को बधाइयां दी है।



**जैसलमेर बास्केटबाल अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी।**

# खेल जगत



मेरे राज्यसभा सांसद बनने के बाद से 'उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स' को निशाना बनाया जा रहा है। मुझ पर निजी हमले हो रहे हैं। कुछ गुंडों ने शुक्रवार रात एकेडमी में घुसकर गुंडागर्दी की। लड़कियां इससे डर गई हैं। - पी.टी. ऊषा

धावक पी. टी. उषा, शुक्रवार रात को कुछ लोगों के एकेडमी में घुसने कंस्ट्रक्शन वर्क करने पर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** ▶ **बेन स्टोक्स**



**स्टार** ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में इंग्लैंड की खिताब की रक्षा के अभियान के लिए एकदिवसीय संन्यास से वापसी की संभावना को खारिज नहीं किया है। इंग्लैंड के 31 साल के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने जुलाई में काम के बोझ का हवाला देते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन इस फैसले के पांच महीन से भी कम समय बाद उन्होंने अपनी वापसी के दरवाजे खुले रखे हैं। वेबसाइट ने स्टोक्स के हवाले से कहा, "क्या पता उस समय विश्व कप को लेकर मैं क्या सोच रहा हूं।"

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्वकप फुटबॉल इतिहास की पहली हैट्रिक अर्जेंटीना के खिलाड़ी गुलियो स्टेदिल ने मैक्सिको के खिलाफ की थी।

## फुटबॉल में हुआ नस्लवाद : रियल मेड्रिड के खिलाड़ी विनिशियस जूनियर के साथ विपक्षी टीम के फैंस ने किया नस्लीय दुर्व्यवहार

नई दिल्ली, 6 फरवरी। रियल मैड्रिड और ब्राजील के फॉरवर्ड विनिशियस जूनियर नस्लीय दुर्व्यवहार का शिकार हुए। रविवार को स्पेन की लीग लालिगा में उन पर विपक्षी टीम मलोरका के फंस ने नस्लीय टिप्पणी की। स्ट्रीमिंग सर्विस ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया जिसमें फैंस विनिशियस को मोनो यानी बंदर कह कर पुकार रहे है। फैंस कह रहे है - ब्राजील का खिलाड़ी बंदर।

विनीसियस को कम से कम तीन मौकों पर फैंस से नस्लीय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा है। पहली बार नवंबर 2021 में बार्सिलोना के खिलाफ, दूसरी बार सितंबर 2022 में एटलेटिको मैड्रिड और तीसरी बार दिसंबर 2022 के आखिर में वलाडोलिड के खिलाफ हुआ। तीनों ही मैच स्पाकिं में हुए और स्पेनिश टीम के खिलाफ हुए है।

विनीसियस ने लालिगा पर दिसंबर में मैचों में नस्लवादी फैंस के बारे में कुछ नहीं करने का आरोप लगाया था। इसके बाद रविवार को हुई घटना पर विनिशियस ने कहा - यह रंगभेद और जेनोफोबिक है, यानी विदेशियों के खिलाफ भेदभाव। यूरोप में एक ब्लैक ब्राजीलियाई के सफल होने की खुशी यहां बहुल लोगों को परेशान करती है। विनिशियस जूनियर 22 साल के विनिशियस 2018 में स्पेनिश क्लब रियल मेड्रिड से जुड़े थे। उन्होंने अपना करियर ब्राजील के क्लब फ्लेमिंगो से शुरू किया था। अब तक विनिशियस रियल मेड्रिड में 200 मगच खेल चुके है जिसमें उनके 49 गोल है।



## भारत में टेस्ट सीरीज जीतना एशेज से बड़ा

### स्टीव स्मिथ बोले- इंडिया को घर में हराना मुश्किल, वॉर्नर ने स्पिनर्स को माना चुनौती

नई दिल्ली, 6 फरवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 9 जनवरी को नागपुर में है। टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने टीम का वीडियो जारी किया। इसमें ऑस्ट्रेलिया के प्लेयर्स ने बताया की यह सीरीज उनके लिए कितनी अहम है। स्टीव स्मिथ बोले कि भारत को घर में हराना इंग्लैंड में एशेज जीतने से भी ज्यादा बड़ा है। वही, टीम के ओपनर डेविड वॉर्नर ने कहा- दुनिया के बेस्ट स्पिनर्स के सामने खेलना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि भारत में टेस्ट सीरीज खेलना हमारे लिए बहुत खास होगा। भारत की परिस्थितियां हमारे घर के मुकाबले बिल्कुल अलग होती है। यह सीरीज हमेशा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए बड़ी और महत्वपूर्ण होती है। भारतीय टीम भी अपने घर में बहुत मजबूत है। स्टार्क ने आगे कहा कि एक तरफ आपके पास पूरी एशेज का इतिहास है जहां आपने इंग्लैंड को उनके घर में हराया। वहीं, दूसरी ओर भारत के घर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी। जहां आप एक ही बार जीत सके हैं। भारत 2004 से घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारा है। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2004 में 4 मैचों की सीरीज में भारत को 2-1 से हराया था। एक मैच ड्रॉ रहा था। इसके बाद से ऑस्ट्रेलियन टीम भारत में लगातार क्लीन स्वीप होने लगी। यहां तक कि 2004 के बाद उन्हें भारत में एकमात्र जीत भी 2017 में मिली, लेकिन तब भी उन्हें 2-1 से सीरीज हार झेलनी पड़ी थी।

## कोहली के पास सचिन तेंदुलकर के महा रिकॉर्ड को तोड़ने का सुनहरा मौका

नई दिल्ली, 6 फरवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से चार मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होगा। दोनों देशों के बीच सीरीज का पहला टैस्ट नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए आगामी सीरीज महत्वपूर्ण रहने वाली है और उनके पास महान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ने का शानदार मौका है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 1996 में हुई और तब से दोनों देशों के बीच कुल 15 टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड दर्ज है। तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 65 पारियों में 9 शतक जमाए हैं।

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 36 पारियों में सात शतक जमाए हैं। कोहली के पास आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ने का शानदार मौका होगा। विराट कोहली इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और फैंस को बेसब्री से इंतजार है कि आगामी सीरीज में कोहली इस महा रिकॉर्ड को तोड़ देंगे।

## जिमी नीशम ने हवा में उड़ते हुए कैच पकड़ा

नई दिल्ली, 6 फरवरी। टी20 लीग तेजी से लोकप्रियता के चार्ट पर आगे चढ़ रहा है। दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के चलते दक्षिण अफ्रीकी टी 20 लीग हर दिन नए-नए कारनामे का गवाह बन रहा है। गत दिवस लीग में खेले गए एक मैच में जिमी नीशम ने हवा में उड़ते हुए कमाल का कैच पकड़ा। इससे न सिर्फ दर्शक आवाक रह गए, बल्कि बल्लेबाजा मुंह ताकता रह गया। बता दें कि 20 लीग के 28वें मैच में डरबन सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 254 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में उतरी प्रिटोरिया कैपिटल्स 13.5 ओवर में सिर्फ 103 रन पर ऑलआउट हो गई। डरबन सुपर जायंट्स ने यह मैच 151 रन से जीता। साथ ही उसे बोनस प्वाइंट्स भी मिले। सुपर जायंट्स की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद जिंदा है।

## अदिति ने करियर का चौथा एलईटी खिताब जीता


नैरोबी, 6 फरवरी। भारत की स्टार गोल्फर अदिति अशोक ने केन्या ओपन में रविवार को अपने करियर का चौथा लेडीज़ यूरोपीय टाइटल (एलईटी) जीत लिया। टोक्यो ओलंपिक में पदक के बेहद करीब आकर चूकने वाली अदिति ने अंतिम दो होल में दो बोगी खेलीं, लेकिन फिर भी वह नौ शॉट के साथ खिताब जीतने में सफल रहीं। सिर्फ 18 साल की उम्र में पहला एलईटी जीतने वाली अदिति ने दिन की शुरुआत छह शॉट की बढ़त के साथ की। उन्होंने सहजता के साथ खेलते हुए पहले होल पर बर्डी मारी। आठवें होल पर उन्होंने वह बढ़त खो दी, लेकिन 11वें होल पर अदिति पुन: बर्डी मारने में सफल रहीं। अदिति ने दिन का अंत होने से पहले 15वें और 17वें होल पर बोगी खेली, लेकिन यह उनकी जीत को प्रभावित नहीं कर सका। इसी बीच, भारत की शौकिया खिलाड़ी अवनि प्रशांत ने अंतिम दिन एक-अंडर 72 के स्कोर के साथ नौवां स्थान हासिल किया, जबकि अमनदीप द्राल (77) 55वें स्थान पर रहीं। अदिति का पहला एलईटी खिताब 2016 में आया था, जब उन्होंने हीरो महिला इंडियन ओपन जीता था। उसी वर्ष उन्होंने कतर लेडीज ओपन जीता, जबकि 2017 में वह अबू धाबी में फातिमा बिंत मुबारक लेडीज ओपन जीतकर अपना तीसरा खिताब हासिल करने में कामयाब रही थीं। अदिति महिला पेशेवर गोल्फ संघ (एलपीजीए) की प्रतियोगिताओं में पर खेलना शुरू कर चुकी हैं। यहां उन्होंने कई बार शीर्ष-10 में जगह बनायी है, हालांकि उन्हें अपनी पहली जीत का इंतजार है।

### रवि शास्त्री की बड़ी भविष्यवाणी

## इंडिया-ऑस्ट्रेलिया : 2-0 के अंतर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतेगी

नई दिल्ली , 6 फरवरी। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। शास्त्री ने सीरीज विजेता के लिए अपनी पसंदीदा टीम का खुलासा किया और बताया कि यह टीम 2-0 के अंतर से सीरीज अपने नाम करेगी।

नई दिल्ली। दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से चार मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होगा। इस टेस्ट सीरीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि दोनों टीमों के बीच हमेशा कड़ी टक्कर वाले मुकाबले खेले जाते है। इस सीरीज को लेकर कई क्रिकेट पंडित अपनी राय देते हुए नजर आ चुके हैं।



भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने भी आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भविष्यवाणी कर डाली है। शास्त्री ने कहा कि भारतीय टीम ने घरेलू सीरीज के लिए अपने सभी क्षेत्र कवर किए हैं और वो पहले ही मुकाबले से मेहमान टीम पर हावी होगी। शास्त्री ने प्रसारणकर्ता चैनल से बातचीत में कहा, जहां तक सीरीज के नतीजे की बात है तो मेरे ख्याल से भारतीय टीम यह सीरीज 2-0 से अपने नाम करेगी।

पूर्व भारतीय हेड कोच ने कहा, आप घर में खेल रहे हैं। आपके पास उस हिसाब से गेंदबाज हैं। आपके पास बढ़िया बल्लेबाजी क्रम है। मेरे ख्याल से आप पहले ही टेस्ट से विरोधी टीम पर दबाव बना सकते हैं। याद दिला दें कि रवि शास्त्री के कार्यकाल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में दो बार टेस्ट सीरीज में पटखनी दी है। सबसे पहले भारत ने 2018/19 में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया।

### सुदेवा ने राउंडग्लास से रोमांचक ड्रॉ खेला

नयी दिल्ली, 6 फरवरी। सुदेवा दिल्ली एफसी ने इंजरी टाइम में सुजीत साधु के गोल की बदौलत रविवार को हीरो आईलीग 2022-23 के रोमांचक मुकाबले में राउंडग्लास पंजाब एफसी को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। छत्रसाल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में लुका मायकेन ने 79वें मिनट में राउंडग्लास के लिये गोल किया। राउंडग्लास इस गोल के दम पर जीत की ओर अठासर था, लेकिन सुदेवा को आखिरी क्षणों में एक कॉर्नर प्राप्त हुआ। साधु ने इस कॉर्नर पर किरन कुमार लिंबु को छकाते हुए गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया।

## सविता ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय मैचों से आत्मविश्वास मिला

नयी दिल्ली, 6 फरवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से लौटने के बाद सोमवार को कहा कि हालिया अंतरराष्ट्रीय मैचों ने उनकी टीम को रोमांचक मुकाबलों में आत्मविश्वास और आक्रामकता के साथ खेलने के लिये सक्षम बनाया है।

सविता ने कहा, यह साल हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एशियाई खेल जीतकर सीधा पेरिस ओलंपिक में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। पिछली बार हम स्वर्ण जीतने के बहुत करीब आकर जापान से सिर्फ एक गोल से हार गये थे। इस साल हम काफी सकारात्मक हैं। खासकर इसलिये क्योंकि हमें पिछले कुछ सालों में काफी अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिला है और हम काफी ज्यादा आत्मविश्वास और आक्रामकता से खेल सकते हैं।

सविता की टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर मेजबान टीम के खिलाफ तीन मैचों में 5-1, 7-0 और 4-0 से जीत मिली, जबकि चौथा मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। विश्व नंबर एक नीदरलैंड के विरुद्ध हालांकि भारतीय टीम को तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। सविता ने कहा, हमने साल की शुरुआत सकारात्मक रूप से की है। हमने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद नीदरलैंड के सामने भी अच्छा खेल दिखाया। इस दौरे ने हमें एक टीम के रूप में एक दूसरे के साथ बेहतर तालमेल बैठाने में भी मदद की। हमने केप टाउन का भ्रमण किया। वह एक खूबसूरत शहर है और टीम ने इसका आनंद लिया।

भारतीय टीम अब बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण (साई) में 12 फरवरी को शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर में शामिल होगी। सविता की टीम छह सप्ताह के शिविर में अपनी क्षमताओं और अनुकूलन पर ध्यान देगी। इसके अलावा खिलाड़ी केप टाउन में अपने प्रदर्शन की समीक्षा करने के बाद हॉकी के तकनीकी पहलुओं को भी सुधारने का प्रयास करेंगे।

सविता ने कहा, मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन एक बार फिर केप टाउन में हमारे प्रदर्शन की समीक्षा करेंगी और हम अपनी कमियों का जायज़ा लेने के लिये व्यक्तिगत एवं टीम बैठक में शामिल होंगे। मुझे लगता है कि एशियाई खेलों से पहले अगले छह महीने बहुत रोमांचक होने वाले हैं। हर खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाना चाहता है।

## अवसरों को गोल में बदले की जरूरत : कोच रांकी

ढाका, 6 फरवरी। भारतीय महिला अंडर-20 फुटबॉल टीम की कोच मेमोल रॉकी ने सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप में बंगलादेश के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद सोमवार को स्वीकार किया कि खिलाड़ी मौकों को गोल में नहीं बदल पा रहे हैं।

भूटान को 12-0 से रौंदने के बाद भारतीय टीम बंगलादेश के सामने एक भी गोल नहीं कर सकी। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिये मंगलवार को नेपाल का सामना करना है और कोच रॉकी को उम्मीद है कि खिलाड़ी पिछले मैच की गलतियों को सुधार सकेंगे।

रॉकी ने कहा, हमें कल के मैच में गोल करना ही होगा, और फाइनल में जगह बनानी होगी। फुटबॉल का खेल गोल करने पर ही आधारित है। लड़कियों को मौके बनाते देखना अच्छा लगता है, लेकिन सबसे जरूरी यह है कि वह उन मौकों पर गोल कर सकें। हमें कहीं न कहीं इसे सुधारने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, हम नेपाल को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वह एक अच्छी टीम हैं। हमने उन्हें भूटान और बंगलादेश के खिलाफ खेलते हुए देखा है। यह हमारे लिये आसान नहीं होगा और हमें अपनी पूरी ताकत लगानी होगी।

कोच रॉकी ने कहा कि उनकी टीम ड्रॉ के बावजूद हतोत्साहित नहीं है और नेपाल पर जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाने के लिये तैयार है। दोनो टीमें जब सैफ अंडर-18 महिला चैंपियनशिप 2022 में आमने-सामने आयी थीं तब भारत ने नेपाल को 5-1 से शिकस्त दी थी। रॉकी ने कहा, जब भी कोई टीम सैफ चैंपियनशिप में भारत का सामना करती है।

## एटीके मोहन बागान पर बेंगलुरू एफसी की पहली जीत

कोलकाता, 6 फरवरी। बेंगलुरू एफसी ने रविवार को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में एटीके मोहन बागान के खिलाफ पहली बार जीत का स्वाद चख लिया। बेंगलुरु ने कोलकाता के विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए हीरो आईएसएल 2022-23 मुकाबले में मेजबान एटीके मोहन बागान को 2-1 से मात दी। बेंगलुरू की लगातार पांचवीं जीत में स्पेन के आक्रामक मिडफील्डर हावी हर्नांडेज (78वें) और भारतीय मूल के फीजियन स्ट्राइकर रॉय कृष्णा (90 1वें मिनट में) ने गोल दागे। मोहन बागान का सांत्वना गोल ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्री पेट्राटोस ने 90 3वें मिनट में जमाया। बेंगलुरु लगातार पांचवीं जीत के साथ आईएसएल तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया। बेंगलुरू एफसी के 17 मैचों में आठ जीत, एक ड्रा और आठ हार के साथ 25 अंक हैं।

## यिमान ने थाईलैंड मास्टर्स जीतकर चार साल का सूखा खत्म किया

बैंकॉक, 6 फरवरी। चीन की झांग यिमान ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को अपनी हमवतन हान यू को 2-1 से मात देकर महिला एकल का खिताब जीत लिया। विश्व नंबर 18 यिमान ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की और 55 मिनट चले मुकाबले में हान यू को 15-21, 21-13, 21-18 से मात दी। यह 2019 के बाद से यिमान का पहला खिताब है, जबकि उन्होंने अपना पिछला टूर्नामेंट चार साल पहले वियतनाम ओपन सुपर 100 के रूप में जीता था। इसी बीच, चीनी ताइपे के विश्व नंबर 35 लिन चुन्यी ने पुरुष एकल के फाइनल में हांगकांग के एंगस एनजी का लॉन्ग को 21-17, 21-14 से मात दी। पुरुष युगल के फाइनल में इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन ने ताइपे के सु चिंगेंग और ये होंग वी को 21-16, 21-17 से हराकर बाज़ी मारी। मिश्रित युगल प्रतियोगिता का खिताब ओलंपिक चैंपियन और विश्व नंबर तीन वांग यी ल्यू-हुआंग डोंगपिंग की चीनी जोड़ी को गया। इस जोड़ी ने फाइनल में कोरिया के सियो सियुंग जाए-चाए यू जुंग को 18-21, 21-15, 21-12 से मात दी।

## राजस्थान को पहली बार मिले सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग सीजन 9 के 8 मैचों की मेजबानी

जयपुर, 6 फरवरी। सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) आईपीएल की तरह बनाई गयी है जिसमें परदे के सितारे क्रिकेट के मैदान में खेलते हुए नजर आयेंगे। सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के नौवें सीजन की शुरुआत 18 फरवरी को होगी। राजस्थान में पहली बार 25-26 फरवरी को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में 4 मैच होंगे। लीग की आठ टीम हैं जो आपस में राजस्थान में यह मैच खेलेंगी। राजस्थान में फिल्मी सितारों का ये पहला भव्य एवं अनूठा आयोजन होगा। इस लीग में 19 मैच खेले जायेंगे जो मुंबई हीरोज, पंजाब द शेर, केरेला स्ट्राइकर्स, बंगाल टाइगर्स, चेन्नई राहिनोस, भोजपुरी दबग्स, कर्नाटक बुलडोजर्स एवं तेलगु वॉरियर्स के फिल्मी सितारों के बीच होंगे। राजस्थान में पहली बार इस सीजन के 9 मे से 8 मैचों की मेजबानी मिली है।

## तेजस्विन शंकर ने न्यू बैलेंस इंडोर ग्रां प्री खिताब जीता

बॉस्टन (अमेरिका), 6 फरवरी। हाई जम्पर तेजस्विन शंकर ने इस सीजन की दूसरी विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर गोल्ड मीटिंग में 2.26 मीटर की छलांग के साथ न्यू बैलेंस इंडोर ठां प्री जीत लिया है। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता तेजस्विन ने शनिवार रात अपने पहले प्रयास में बेमिसाल प्रदर्शन करते हुए 2.14 मीटर, 2.19 मीटर, 2.23 मीटर और 2.26 मीटर की दूरी तय की। उन्होंने अपने निजी सर्वश्रेष्ठ 2.30 मीटर तक पहुंचने के भी तीन प्रयास किये, हालांकि इस बार वह सफल नहीं हो सके। तेजस्विन ने बहामास के डोनाल्ड थॉमस (2.23 मीटर) को हराकर यह खिताब जीता, जबकि अमेरिका के डेरिल सुलिवन (2.19 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। तेजस्विन कान्सास सिटी विश्वविद्यालय से पदार्पण करने के बाद अपने पहले आयोजन में हिस्सा ले रहे थे। उन्होंने पिछले साल कान्सास राज्य के लिये अपना दूसरा एनसीएए खिताब जीता था।

## वर्ल्ड कप देखा तो खुद को वहीं महसूस किया : जडेजा

नई दिल्ली, 6 फरवरी। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। टेस्ट मैच से पहले ने रवींद्र जडेजा के इंटरव्यू का वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने अपने सर्जरी के बाद हुए रिहैब एक्सपीरिएंस को शेयर किया।

उन्होंने कहा, 5 महीने बाद वापसी करके बहुत खुश हूं। सर्जरी के बाद रिहैब में फिजियो ने छुट्टी के दिन भी मुझ पर मेहनत की। रवींद्र जडेजा ने आखिरी बार अगस्त 2022 में एशिया कप के दौरान भारत के लिए क्रिकेट मैच खेला था। एशिया कप में ही उन्हें घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने घुटने की सर्जरी करवाई। जडेजा ने कहा, पांच महीने क्रिकेट से दूर रहना बहुत मुश्किल था। आराम के दौरान आप चिढ़ने लगते हो। चोट से मैं परेशान था और सर्जरी करवानी ही थी।

मैंने सोचा की वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी करवाना चाहिए या बाद में। डॉक्टर की सलाह पर मैंने वर्ल्ड कप से पहले सर्जरी करवाई, क्योंकि सर्जरी के बिना भी वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल था। जडेजा ने कहा, रिकवरी का समय बहुत मुश्किल होता है। इस दौरान लगातार यही सवाल आता है कि आप कब फिट होंगे। घर से जब टी-20 वर्ल्ड कप देखा



तो मुझे लगा कि मैं भी वहीं हूं। ये चीजें आपको मोटिवेट करती हैं। आप अच्छे से ट्रेनिंग और रिहैब करते हैं।

जडेजा बोले, फिजियो और ट्रेनर्स ने में मुझ पर बहुत मेहनत की। संडे को ऑफ रहने पर भी फिजियो मेरे लिए आते थे और मदद करते थे। मैं दो-तीन हफ्ते बेंगलुरु में रहता था और फिर माइंड फ्रेश करने के लिए घर जाता था। ज्यादातर टाइम ट्रेनिंग में ही बितता था, जिससे कि मैं जल्दी ठीक हो जाऊं।

वह बोले, में भी ट्रेनर्स बहुत मोटिवेट करते थे। जब मैं कहता था कि मुझे बहुत दर्द हो रहा है। तब वो बोलते थे कि आपको मेहनत देश के लिए करना है न कि खुद के लिए। इससे मनोबल बढ़ा। इस दौरान परिवार और दोस्त मेरे साथ थे। इंजरी से पूरी तरह रिकवर होने के बाद 34 साल के जडेजा ने 24 जनवरी को सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेला। जडेजा ने बताया, चोट से रिकवरी के बाद रणजी मैच के पहले दिन मुझे अजीब सा लगा।

## बीसीसीआई के चीफ पिच क्यूरेटर पहुंचे धर्मशाला : क्रिकेट स्टेडियम की आउट फील्ड देखी, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 मार्च से टेस्ट मैच

धर्मशाला, 6 फरवरी।। भारत और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीमों के बीच हिमाचल के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में एक मार्च से 5 मार्च के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस टेस्ट मैच से पहले स्टेडियम में बनाई जा रही नई आउटफील्ड का जायजा लेने के लिए के चीफ पिच क्यूरेटर आशीष भौमिक पहुंचे।

करीब एक घंटे तक मैदान का निरीक्षण करने के बाद आशीष भौमिक मुंबई लौट गए। अब मुंबई में ऑफिशियल्स को धर्मशाला स्टेडियम से जुड़ी रिपोर्ट सबमिट करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीमों के बीच 4 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरिज 9 फरवरी से शुरू होगी। इसी सीरिज का तीसरा टेस्ट मैच 1 मार्च से 5 मार्च के बीच धर्मशाला में खेला जाना है।



के चीफ पिच क्यूरेटर के अलावा टेस्ट मैच की लाइव कवरेज करने वाली ब्रॉडकास्टर टीम ने भी स्टेडियम का दौरा किया और कैमरे लगाने वाले पॉइंट्स का जायजा लिया। इस दौरान मेंबर ऑफ ब्रॉडकास्ट कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। यह टेस्ट मैच स्टेडियम की नई आउटफील्ड पर खेला जाएगा। इसमें एडवांस तकनीक का सब एयर सिस्टम लगाया गया है। बारिश होने की सूरत में महज 15 से 20 मिनट के अंदर मैदान को सुखाकर खेल के लिए तैयार किया जा सकेगा।

स्टेडियम के सभी स्टैंड में लगी कुर्सियों की रिपेयर भी की जा रही है। धर्मशाला स्टेडियम में यूं तो 9 पिच हैं लेकिन मैदान के बीचोंबीच की पांच पिच इंटरनेशनल मैचों के हिसाब से तैयार कर ली गई हैं। इन पांचों पिच में विकेट कैमरा लगाने की व्यवस्था भी हो चुकी है।आउटफील्ड तैयार कर रही कंपनी 15 फरवरी तक अपना काम पूरा करके यह ठाउंड हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को हैंडओवर कर देगी। उसके बाद के पिच क्यूरेटर सुनील चौहान पिचों का काम शुरू करेंगे। धर्मशाला स्टेडियम में नई आउटफील्ड के लिए बिछाई गई रेत में मिट्टी न मिल पाए, इसलिए यहां जियो सिंथेटिक शीट इस्तेमाल की गई है। यह शीट मैदान के अंदर रेत और मिट्टी के बीच दीवार का काम करेगी। इससे मैदान में बिछाई गई रेत की लाइफ बढ़ जाएगी। आसान शब्दों में कहें तो सिविल इंजीनियरिंग वाले बड़े प्रोजेक्ट्स में जो मजबूत सिंथेटिक कपड़ा इस्तेमाल किया जाता है, उसे ही जियो सिंथेटिक शीट कहते हैं। यह कपड़ा ही ढीली मिट्टी को मजबूती देता है और कटाव को रोकने के साथ-साथ लॉन की सेटिंग में उपयोगी होता है।

दुनिया के सबसे खूबसूरत मैदानों में शामिल धर्मशाला स्टेडियम की नई आउटफील्ड सैंड बेस्ड घास से ढंकी गई है जो खिलाड़ियों को चोटिल होने से बचाएगी। स्टेडियम के अंदर एक प्रैक्टिस ठाउंड, इंडोर क्रिकेट एकेडमी और इंडोर स्टेडियम के अलावा अत्याधुनिक जिम भी है।

# चार देशों में भूकम्प से हाहाकार, 2200 से ज्यादा लोगों की मौत

## तुर्की, सीरिया लेबनान और साइप्रस में 7000 से ज्यादा लोग गम्भीर रूप से घायल हुये, 3 हजार से ज्यादा घर व मकान पूरी तरह से तबाह हुये



*सोमवार तड़के चार देश, तुर्की, सीरिया, लेबनान और इजराइल भूकंप से दहल उठे। भूकम्प का केन्द्र तुर्की में था। यहां 12 घंटे में भूकम्प के तीन बड़े व करीब 37 आफ्टर शॉक्स महसूस किये गये। भूकम्प ने तुर्की और सीरिया में भारी तबाही मचाई है। यहां 2200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है तथा 7000 हजार से ज्यादा लोग गम्भीर रूप से घायल हुये हैं। खबरों के मुताबिक, हजारों लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुये हैं। जानमाल को नुकसान इतना अधिक हुआ है कि, बहुत बड़े पैमाने पर रैस्क्यू ऑपरेशन चलाये जाने के बावजूद सारी व्यवस्थायें और इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। भूकम्प का एपिसैंटर तुर्की का गाजियांटेप शहर था। यह सीरिया बॉर्डर से 90 किमी. दूर है।*

- **भूकम्प का केन्द्र तुर्की में था यहां तड़के 4:17 बजे भूकम्प के दो तेज झटके महसूस हुये जिनकी तीव्रता 7.6 व 7.8 थी।**
- **बी.बी.सी. के मुताबिक तुर्की में एक के बाद एक भूकम्प के 40 झटके महसूस किये गये।**
- **इज़राइल और फिलीस्तीन में भी भूकंप के कारण जानमाल को भारी नुकसान पहुँचा है।**

इस्तांबुल/दमिश्क, 6 फरवरी (वार्ता)। तुर्की के दक्षिण में सीरियाई सीमा के पास सोमवार तड़के भूकम्प के जोरदार झटकों से केवल आसपास के पांच देशों में तबाही मच गयी और 2200 लोगों की जान चली गयी। भूकम्प के कारण मकानों भवनों आदि के ढहने से 7000 से अधिक लोग घायल हो गये।

भारत और अमेरिका के अलावा युद्धग्रस्त रूस एवं यूक्रेन समेत कई देशों ने भूकम्प प्रभावित देशों की मदद की पेशकश की है। स्थानीय समाचार एजेंसी के मुताबिक तुर्की में 40 से ज्यादा झटके महसूस किये गये। स्थानीय समयानुसार तड़के 4:17 बजे भूकम्प का एक शक्तिशाली झटके महसूस किये गये। पहले झटकों के कुछ मिनट बाद फिर शक्तिशाली झटके महसूस किया गया जिसमें तुर्की और सीरिया में भारी तबाही मचाई है। अब तक 2200 से अधिक लोगों के मरने की खबर है, जबकि 7000 से अधिक अन्य घायल हैं।

बी.बी.सी. ने तुर्की आपदा प्रबंधन एजेंसी के हवाले से कहा है कि पूरे इलाके में एक के बाद एक 40 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। तुर्की समेत लेबनान, सीरिया, साइप्रस, इराक, इजरायल और फ़लस्तीन में भी भूकम्प के झटके महसूस किए गए हैं, जहां बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ है।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप अर्दोगन ने कहा है कि भूकम्प से अकेले तुर्की में 912 लोगों की मौत हो गई है और 6,000 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। देश में आपातकाल लागू कर दिया है। वहां तेज़ी से राहत और बचाव कार्य किये जा रहे हैं।अधिकारियों के अनुसार सीरिया में भी भूकम्प के कारण भीषण तबाही की ख़बर है। वहां अब तक करीब 1300 लोगों की मौत की ख़बर है।

उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य अभी जारी हैं और हताहतों की सही संख्या की जानकारी जुटाई जा रही है। तुर्की में सोमवार तड़के एक के बाद भूकम्प के दो शक्तिशाली झटके महसूस किए गए। बी.बी.सी. ने बताया है कि भूकम्प प्रभावित इलाकों में इमारतों को भारी नुक़सान पहुंचा है।

तुर्की में तेज़ी से बचाव कार्य किये जा रहे हैं, लेकिन अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि अभी भी कई लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। तुर्की में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का भूकम्प आने से हाहाकार मच गया। भूकम्प का प्रभाव इतना तेज था कि इसका असर सीरिया, लेबनान और इजरायल में भी महसूस किया गया। तुर्की में सबसे प्रभावित शहरों में राजधानी अंकारा और नूरदगी समेत 10 शहर रहे। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकम्प का केंद्र गाजियांटेप से लगभग 33 किलोमीटर (20 मील) और नूरदगी शहर से लगभग 26 किलोमीटर दूर था। यह 18 किलोमीटर (11 मील) की गहराई पर केंद्रित था। डेनिश भूवैज्ञानिक संस्थान का कहना है कि तुर्की में भूकम्प के झटके ग्रीनलैंड तक महसूस किए गए हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन ने ट्विटर पर कहा कि भूकम्प से प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव दलों को तुरंत भेजा गया। हमें उम्मीद है कि हम इस आपदा को एक साथ जल्द से जल्द और कम से कम नुकसान के साथ पार कर लेंगे। तुर्की में दोबारा भूकम्प के तेज झटके महसूस किए गए। इस बार रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.5 मापी गई।

भूकम्प के झटके भारतीय समयानुसार तड़के तीन बजकर 54 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र अंकारा से 427 किलोमीटर दूर जमीन से 10 किमी. अंदर था। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, यह निर्णय लिया गया कि राहत सामग्री के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ.) और चिकित्सा दलों को तुर्की गणराज्य की सरकार के समन्वय से तुरंत तुर्की भेजा जाएगा। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एन.डी.आर.एफ. की दो टीमें, विशेष रूप से प्रशिक्षित श्वान दस्ते और आवश्यक उपकरण भूकम्प प्रभावित क्षेत्र में उड़ान भरने के लिए तैयार हैं।

# 'केन्द्र सरकार कश्मीर को अफगानिस्तान बनाना चाहती है'

## पूर्व मु.मंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा, आर्टिकल 370 को खत्म करके सरकार ने कश्मीर की पहचान को ही खत्म कर दिया है

- **पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि, जम्मू कश्मीर में जो हो रहा है वो एक्सट्रीम है। अमेरिका ने अफगानिस्तान में बॉम्बिंग की और एक बार मे उड़ा दिया। मेरे हिसाब से किसी राज्य में इतने बुलडोज़र नहीं गए होंगे जितने जम्मू-कश्मीर में चल रहे हैं।**
- **मुफ्ती ने कहा, आप कश्मीर जाओगे तो वहां अफगानिस्तान जैसा पाओगे क्योंकि वहां बुलडोजर चल रहा है।**

श्रीनगर, 6 फरवरी। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पी.डी.पी. प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू कश्मीर को देश का ताज कहा जाता था लेकिन आज ये मुश्किलों से गुजर रहा है। इनकी हेट पॉलिटिक्स की शुरुआत जम्मू कश्मीर से होती है।

इस समय जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर अफगानिस्तान जैसा लगेगा क्योंकि वहां बुलडोज़र है। मुफ्ती ने कहा कि 370 खत्म करने के बाद हमारी पहचान खत्म हुई है।

पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जो हो रहा है वो एक्सट्रीम है। अमेरिका ने अफगानिस्तान में बॉम्बिंग की और एक बार मे उड़ा दिया। मेरे हिसाब से किसी स्टेट में इतने बुलडोज़र नहीं गए होंगे जितने जम्मू-कश्मीर में चल रहे हैं। कश्मीर में अपने ही लोगों को निकाला जा रहा है। ये जम्मू कश्मीर को अफगानिस्तान बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य मंदिर को इंक्रोचमेंट में सरकार दिखा रही है। पहले हिन्दू-मुस्लिम किया, फिर पहाड़ी-गुर्जर और अब अमीर-गरीब की लड़ाई करा रहे हैं।

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग परेशान हैं। उससे ज़्यादा विपक्ष के नेता को गुजारिश करना चाहती हूं कि आप खामोशी से तमाशा मत देखिए। लोग ई.डी. और एन.आई.ए. का जुल्म सह रहे हैं, आज लोग चिल्ला रहे हैं, चीख रहे हैं।

बदमाशों, ठगों को 45 हजार हेक्टेयर जमीन दी जा रही है जबकि अतिक्रमण विरोधी अभियान के नाम पर कश्मीर के लोगों को उनकी जमीन से बेदखल किया जा रहा है।

पी.डी.पी. प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीजेपी ने देश के संविधान को ध्वस्त करने के लिए अपने क्रूर बहुमत को हथियार बना लिया, उन्होंने असहमति और न्यायपालिका की आवाज को कुचलने के लिए मीडिया को भी हथियार बना लिया है। पहले हम सोचते थे कि इजरायल फिलिस्तीन के साथ जो करता है, बीजेपी ने उससे सीख ली है, लेकिन अब उन्होंने इसे पीछे छोड़ दिया है, वे जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान जैसा बनाना चाहते हैं।

मुफ्ती ने कहा कि कश्मीर जाओगे तो अफगानिस्तान जैसा पाओगे क्योंकि वहां बुलडोजर चल रहा है।

## अमेरिका में म्यूजिक कार्यक्रम में गोलीबारी, पांच लोगों को गोली लगी

वाशिंगटन, 6 फरवरी (वार्ता)। अमेरिकी राज्य अर्कांसस में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

के.ए.आर.के.-टीवी के अनुसार अंकासर्स के न्यूपोर्ट के एक स्कूल में

- **इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये।**

शनिवार रात अमेरिकी रैपर फ्रेडो बैंग का संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया था और स्थानीय समयानुसार रविवार तड़के लगभग 2.30 बजे कार्यक्रम स्थल पर गोलीबारी होने की जानकारी मिली।अंकार्सस स्थित टेलीविजन स्टेशन 'के.ए.आर.के.-टीवी' ने न्यूपोर्ट पुलिस विभाग के हवाले से बताया कि गोलीबारी में 19 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में से एक को बेहतर इलाज के लिए विमान से बड़े अस्पताल ले जाया गया है।

# 'पाक में एक्टिव रॉ एजेंट को सेवा परिलाभ क्यों नहीं?'

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय, कैबिनेट सचिव और राज्य के मुख्य सचिव से जवाब मांगा।**

जयपुर, 6 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पाकिस्तान में जासूसी के लिए पकड़े गए रॉ एजेंट को रिहाई के बाद पेंशन और अन्य सेवा परिलाभ नहीं देने पर कैबिनेट सचिव, गृह मंत्रालय और राज्य के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश कुतुबुद्दीन खिलजी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हनुमान चौधरी और अधिवक्ता तरुण चौधरी ने बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 1971 में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग में काँस्टेबल नियुक्त हुआ था। उसे पाकिस्तान में जासूसी करने भेजा गया था। इस दौरान वर्ष 1973 में पाकिस्तान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों देशों के बीच हुए शिमला समझौते के तहत वर्ष 1978 में वह रिहा हुआ। भारत लौटने पर उसे जालंधर जेल में रखा गया। याचिकाकर्ता की पत्नी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और राष्ट्रपति को गुहार की, फिर उसे जालंधर जेल से रिहा किया गया।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने अपने सेवा परिलाभ व पेंशन के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय सहित अन्य संबंधित अधिकारियों व राज्य सरकार को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र पेश किए, लेकिन उसे आज तक सेवा परिलाभ का भुगतान नहीं किया गया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता अब 75 साल का हो चुका है।

ऐसे में उसे समस्त सेवा परिलाभ, पेंशन और एक मुश्त राशि दी जाए, ताकि वह अपना जीवन यापन कर सके। इसके अलावा उसके बेटे को अनुकंपा नियुक्ति भी दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## 'शिवाजी ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिसमें कहा गया था कि हिन्दू और मुसलमान ईश्वर की संतान है तथा उनमें से किसी एक के प्रति नृशंसता गलत है। बादशाह का काम सबका सम्मान करने का है, और यह नहीं रोका जाता है तो वे अपनी तलवार को काम में लेंगे।"

संत-शिरोमणि रविदास की 647वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में बोलते हुए, आर.एस.एस. प्रमुख ने कहा, "रविदास की महत्ता एवं प्रतिष्ठा तुलसीदास, कबीर और सूरदास की तुलना में कहीं बहुत ज्यादा एवं ऊँची है।" भागवत ने कहा, "यद्यपि संत रविदास शास्त्रार्थ में ब्राह्मओं से नहीं जीत सके थे, फिर भी वे लोगों के हृदयों तक पहुँचने तथा उनके मन में ईश्वर के प्रति विश्वास पैदा करने में सफल रहे थे।"

# नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल की कैद

- **पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत, क्रम 2, महानगर प्रथम, ने नाबालिग का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर 8 माह तक दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 साल की सजा दी और 80,000 रू. जुर्माना लगाया।**

जयपुर, 6 फरवरी (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर आठ माह तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त शिवम उर्फ पप्पू यादव को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 22 वर्षीय इस अभियुक्त पर अस्सी हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि 29 अक्टूबर 2020 को पीड़िता की मां ने मानसरोवर थाने में पीड़िता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पीड़िता को जून, 2021 को कानपुर, यूपी स्थित अभियुक्त के घर से बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता ने बताया कि उसके पिता पतासी का ठेला लगाते हैं। अभियुक्त उसके घर में किराए पर रहता था और पिता के ठेले पर काम करता था। इसके बाद लॉकडाउन के चलते वह अपने गांव चला गया। घटना के दिन 29 अक्टूबर को अभियुक्त ने उसे किरण पथ, मानसरोवर बुलाया और खाने के लिए चॉकलेट दी, जिसे खाकर वह बेसुध हो गई। इसके बाद उसे भिवाडी में होश आया। यहां से अभियुक्त डरा धमकाकर उसे अपने घर कानपुर ले गया। जहां अभियुक्त उसे कमरे में बंद करके रखता था और आए दिन दुष्कर्म करता था। इस दौरान अभियुक्त ने उसके साथ जबरन शादी भी कर ली। वहीं एक दिन उसने अपनी मां से फोन पर बात की थी। जिसके कुछ दिनों बाद पुलिस ने आकर उसे अभियुक्त के चंगुल से छुड़ाया। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसका और पीड़िता के पिता के बीच वेतन के भुगतान को लेकर विवाद हो गया था। अभियुक्त पीड़िता को जिस जगह लेकर गया था, वहां कई मकान बने हुए हैं। ऐसे में यदि अभियुक्त उसे जबरन लेकर जाता तो वह शोर मचाकर लोगों को इसकी जानकारी दे सकती थी। दोनों पक्षों को सुनकर अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाई।

## कर्नाटक में एशिया की सबसे बड़ी हैलिकॉप्टर फैक्टरी स्थापित हुई

तुमकुरु, 6 फरवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राफेल सौदे को लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी पर सोमवार को तीखा कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एच.ए.एल.) का नया हेलिकॉप्टर कारखाना कई पुराने झूठों और झूठे आरोपों की पोल खोल रही है। मोदी ने यहां इस विशाल कारखाने का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने तुमकुरु जिले के गुब्बी तालुक में एच.ए.एल. कारखाने के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए किसी का नाम लिए बगैर कहा, ....और मैं कुछ सालों पहले की चीजें आज याद कराना चाहता हूँ, मीडिया वालों का भी जरूर ध्यान जाएगा, यही एच.ए.एल. है जिसे बहाना बनाकर हमारी सरकार पर तरह-तरह के झूठे आरोप लगाए गए। यही एच.ए.एल. है जिसका नाम लेकर लोगों को भड़काने की साजिशें रचीं गईं।

# हंगामे व खींचतान के कारण दिल्ली में मेयर का चुनाव तीसरी बार भी टला

- **भाजपा चाहती है कि, मनोनीत सदस्यों को भी वोट डालने की इजाजत मिले लेकिन आप पार्टी ऐसा होने नहीं देना चाहती।**
- **आप पार्टी का कहना है कि, नामित सदस्यों को मेयर के चुनाव में वोट डालने का अधिकार नहीं होता है, भाजपा गैरकानूनी व असंवैधानिक तरीके से जबरदस्ती वोट डलवाना चाहती है।**
- **आप पार्टी का आरोप है कि, भाजपा येन केन प्रकारेण सदन में बहुमत ना होने के बावजूद अपनी पार्टी का मेयर बनवाने पर तुली हुई है।**

नई दिल्ली, 6 फरवरी (वार्ता)। दिल्ली नगर निगम के लिए महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव लगातार तीसरी बार टल गया और हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी।

दिल्ली नगर निगम में सोमवार को हंगामे की वजह से महापौर का चुनाव टालना पड़ा। फिलहाल, अगली तारीख तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी है। इससे पहले, दिल्ली नगर निगम के मेयर पद के लिए सोमवार को एक बार फिर से कवायद शुरू हुई। सदन की बैठक शुरू होते ही पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने ऐलान किया है कि महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव एक साथ होंगे और इसमें नामित सदस्य भी मतदान में हिस्सा लेंगे। नामित सदस्यों के मतदान में हिस्सा लेने की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी ने हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा और आप के सदस्यों की ओर से नारेबाज़ी के कारण सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित की गयी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी हंगामा शुरू हो गया जिसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

उल्लेखनीय है कि निगम के 250 वार्डों में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 15 साल से दिल्ली नगर निगम में काबिज भाजपा को हराकर 134 वार्डों में जीत दर्ज की थी।

## अडानी प्रकरण...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संसद में भी इस मामले में चर्चा कराने से भाग रही है। किसी को भी सीबीआई, ईडी पर भरोसा नहीं है, इसीलिए राहुल गांधी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी से जांच की मांग कर रहे हैं।

मंत्री महेश जोशी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने शासन काल मे केवल अपने मित्र उद्योगपतियों को ही लाभ दिया है। उन्होंने कहा कि फायदे के लिए सारे नियम कायदों को ताक में रख दिया गया है। एलआईसी वाला घोटाला अब बता रहा है कि सारे बड़े टैंडर उन्हें को ही दिए जा रहे हैं। समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष अर्चना शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार अपने उद्योगपतियों को लाभ देने के लिए सब नियम बार-बार तोड़े जा रही है। वह कुछ उद्योगपतियों के कर्जा माफ करती आ रही है, लेकिन किसानों का कर्जा माफ नहीं किया जा रहा है। धरने में पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, कांग्रेस नेता ललित तूनवाल, जसवंत गुर्जर, रामसिंह कस्वा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, शशि गुप्ता, आर आर तिवाड़ी, पार्षद अफजल महबूब, मनोज मुद्गल, बृजेंद्र तिवारी समेत कई अन्य नेता भी शामिल हुए।

## 'संविदा पर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश महेन्द्र चौधरी की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता प्रदूषण नियंत्रण मंडल में संविदा के तौर पर 5 अगस्त 2020 को आईटी ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुआ था। इसके बाद से वह लगातार अपने पद पर काम करता आ रहा है। वहीं प्रदूषण मंडल ने गत 9 नवंबर को एक आदेश जारी कर याचिकाकर्ता के पद पर नए संविदाकर्मियों से आवेदन मांगे। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि एक संविदाकर्मी को हटाकर उसके स्थान पर स्थाई कर्मचारी को ही नियुक्त किया जा सकता है। यदि संविदाकर्मी को पद से हटाया जा रहा है तो उसके स्थान पर दूसरे संविदाकर्मी की नियुक्ति नहीं की जा सकती। ऐसे में याचिकाकर्ता के पद पर नए संविदाकर्मी को नियुक्त करने के आदेश पर रोक लगाई जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगते हुए याचिकाकर्ता को मौजूदा पद पर कार्य करते रहने के आदेश दिए हैं।

## कांग्रेस के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्वयं को कांग्रेस तथा चुनावी राजनीति में कितना सक्रिय रखेंगी।

समझा जाता है कि ए.आई.सी.सी. तथा पी.सी.सी. सदस्यों की सूचियाँ सार्वजनिक नहीं की गई हैं, जबकि कई राज्यों की सूचियाँ तैयार हो चुकी हैं। लेकिन उन राज्यों से कह दिया गया है कि वे अपनी सूचियों को लेकर खामोश रहें तथा उन्हें सार्वजनिक नहीं करें।

ए.आई.सी.सी. सदस्य सी.डब्ल्यु.सी. सदस्यों के लिये वोट करते हैं उसी प्रकार पी.सी.सी. सदस्य भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए वोट देते हैं यद्यपि पी.सी.सी. सदस्यों की लिस्ट कभी भी जारी नहीं की गई और आरोप थे कि बहुत से फर्जी सदस्य बन गए थे।

अगर चुनाव होते हैं तो बहुत से प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाना चाहेंगे।

# विपक्ष चाहता है, अडानी प्रकरण किसी भी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बचाओ, एस.बी.आई. बचाओ", नहीं चलेगी और बेईमानी, बस करो मोदी-अडानी" जैसे नारे लिखे हुये थे।

सांसदों की तख्तियों पर अडानी ग्रुप पर लगे आरोपों की जाँच संयुक्त संसदीय समिति से या सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराये जाने की विपक्ष की माँग भी दोहराई गई थी।

तृणमूल कांग्रेस पहले तो उस मीटिंग में शामिल नहीं हुई थी, जो संसद भवन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में हुई थी। इस मीटिंग में हिन्डनबर्ग रिपोर्ट में अडानी ग्रुप के खिलाफ लगाये गये आरोपों को लेकर सरकार की खामोशी पर चर्चा हुई थी। इसके अलावा, मीटिंग में इस मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिये संयुक्त रणनीति के प्रतिपादन पर भी चर्चा हुई थी। लेकिन बाद में, तृणमूल कांग्रेस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गई।

मीटिंग के बाद, विपक्षी दलों ने संसद-परिसर में स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति के आगे प्रदर्शन भी किया तथा अडानी ग्रुप के खिलाफ लगे आरोपों की जाँच के लिये संयुक्त संसदीय समिति गठित किये जाने की माँग की। इस प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा ने भी भाग लिया।

अडानी मुद्दे पर संसद में बहस की माँग कर रहे विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के कारण अभी तक, संसद के किसी भी सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिये धन्यवाद प्रस्ताव भी पेश नहीं हो सका है।

राज्यसभा में टी.एम.सी. के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा है कि संसद की बैठक में अब आगे और अवरोध नहीं डाला जाना चाहिये, क्योंकि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर होने वाली बहस में सदस्यों को मोदी सरकार को "घेरने" का मौका मिलेगा।

लेकिन कांग्रेस सदस्य राज्यसभा के सभापति को कम से कम तीन ऐसे नोटिस दे चुकी है, जिनमें अडानी के मुद्दे पर चर्चा के लिये सभी सूचीबद्ध काम-काज के निलंबन की माँग की गई है।

लोकसभा में भी, इस मामले में चर्चा की माँग पर जोर देते हुये, विपक्षी सदस्यों ने "अडानी सरकार" के नारे लगाये। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरु हुई, विपक्षी सदस्यों ने "अडानी सरकार हाय- हाय" तथा जे.पी.सी. लागू करो के नारे लगाने शुरु कर दिये। इस बीच राज्यसभा में, जब सभापति जगदीप धनखड़ ने स्थगन के नोटिस अस्वीकार कर दिये तो अडानी मुद्दे पर चर्चा की माँग करते हुये, विपक्षी सदस्य प्रदर्शन करने लगे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने सांसदों को डाँटते हुये कहा कि "नारेबाजी" देश के हित में नहीं है तथा जनता ने उन्हें उसके मुद्दे उठाने के लिये चुना है। राज्यसभा में भी, सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, "यह बात उचित नहीं है कि आप एक ऐसा मंच चुन रहे हैं, जो विषयेतर विचार विमर्श के लिये है। ........ मैं आप लोगों से अपील करता हूँ कि यह समय हमारे लिये यह विचार करने का है कि आम आदमी क्या सोच रहा है।" लेकिन शोर-शराबे के चलते, दोनों सदन अपरान्ह 2 बजे तक के लिये स्थगित कर दिये गये।

जहाँ विपक्ष चाहता है कि यह मुद्दा जन-अदालत में जीवित बना रहे, वहीं सरकार की रणनीति यह प्रतीत हो रही है कि वह मीडिया तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिये अपनी छवि को खराब होने से रोकने की कवायद में लगा रहे।

## हाई कोर्ट ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और उन्हें पदोन्नति से वंचित रखा गया। जैसा कि विदित है कि काँस्टेबल, हैड काँस्टेबल और ए.एस.आई. के रिक्त पदों की गणना में और फिर उन पदों पर पदोन्नति देने में भारी गड़बड़ी कई सालों से हो रही है, जिससे प्रदेश के हर जिले से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन गड़बड़ियों की वजह से प्रदेश में दो से ढाई हजार एस.आई. के पदों को भरने या पदोन्नति देने में भारी प्रभाव पड़ेगा।

## प्रणीत कौर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पत्नी प्रणीत कौर ने कहा कि ऐसा व्यक्ति जिसने सोनिया गांधी के विदेशी मूल का मुद्दा उठाया था वह उनसे सवाल पूछ रहा है। कौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो चाहे एक्शन ले सकती है। कांग्रेस की डिसिप्लीनरी एक्शन कमेटी के प्रमुख तारिक अनवर को संबोधित पत्र में लिखा है कि, मैं हैरान हूँ कि जिस व्यक्ति ने 1999 में सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर पार्टी छोड़ दी थी और 2019, अर्थात 20 साल, तक पार्टी से बाहर रहा और जिसे खुद अनुशासनात्मक कार्यवाही का सामना करना पड़ा, वह मुझसे अनुशासनात्मक मसले पर सवाल कर रहा है। प्रणीत कौर ने अपने पत्र में लिखा जहां तक एक्शन की बात है आप जो चाहे एक्शन ले सकते हैं।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908